

बच्चों को भी कुछ मिलने की आस

हरिभूमि

रायपुर भूमि



2 लाख 10 हजार में बिका विसर्जन कुंड का ढांचा, गणेशजी ने कराई कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गणपति बप्पा ने रायपुर नगर निगम की इस बार 2 लाख 10 हजार रुपए की कमाई कराई है। खारुन नदी के महादेवघाट से लगे विसर्जन कुंड में 25 से 30 सितंबर तक गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद कुंड पूरी तरह बांस-बल्ली, सुतली, लकड़ियों से बने ढांचे, थर्माकोल सहित मिट्टी व अन्य सजावटी सामग्री से पटा हुआ है। ऐसे में विसर्जन कुंड में जमा ढांचे को ⏭शेष पेज 12 पर

- 7 ठेकेदारों की दिलचस्पी, ठेकेदार चयनित, रविवार से शुरू होगी सफाई
- पिछले साल से डेढ़ गुना ज्यादा गणेश प्रतिमाएं विसर्जित
- बांस-बल्ली, रस्सी सहित ढांचों से पटा विसर्जन कुंड, जोन 8 कराएगा मिशन मोड में सफाई
- गणेशजी और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन ढांचे के लिए साथ निकाला टेंडर

नवरात्रि से पहले तक कुंड होगा चकाचक

जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के मार्गदर्शन में नवरात्रि से पहले विसर्जन कुंड की पूरी तरह सफाई कराकर उसे चकाचक करने के बाद उसमें खारुन नदी से दोबारा स्वच्छ पानी भरने का काम पूरा कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम ने मोटर पंप की व्यवस्था पहले से कर रखी है। गणेशोत्सव की तर्ज पर नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए कुंड को तैयार करने निगम की टीम ने समय रहते तैयारी शुरू कर दी है, ताकि शहर के अलग-अलग दुर्गा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की मनोहारी प्रतिमाओं के सम्मानपूर्वक विसर्जन में श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।

टीम इंडिया और जिम्बाब्वे के साथ अभ्यास करेंगी प्रदेश की महिला क्रिकेटर

- रायपुर में भारत-जिम्बाब्वे के बीच तीन टी-20 मैच, अभ्यास सत्र में स्थानीय महिला खिलाड़ियों को किया जाएगा शामिल
- स्मृति-हरमनप्रीत के साथ अभ्यास का मौका, स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर में पहली बार भारतीय महिला क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे की महिला टीम के बीच तीन टी-20 मैच अक्टूबर में खेले जाएंगे। इसे लेकर छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों के साथ ही इस सीरीज से छत्तीसगढ़ की महिला क्रिकेटरों को भी अनुभवी और स्टार खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने का अवसर मिलेगा। आमतौर पर आईपीएल और पुरुष वर्ग के वनडे व टी-20 मुकाबलों के दौरान स्टेडियम में होने वाले अभ्यास सत्र में स्थानीय खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है। उन्हें खिलाड़ियों के साथ बॉलिंग, बैटिंग और फील्डिंग करने का अवसर मिलता है। हालांकि महिला क्रिकेटरों को ⏭शेष पेज 12 पर



जरूरत के अनुसार उपलब्ध कराएंगे खिलाड़ी

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अनुसार, रायपुर में 16, 18 और 20 अक्टूबर को टी-20 मुकाबले प्रस्तावित हैं। मैचों से पहले दोनों टीमें करीब पांच दिन अभ्यास करेंगी। अभ्यास सत्र के दौरान टीमों की जरूरत के अनुसार स्थानीय खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया जाएगा। टीम की ओर से लेफ्ट हैंड, राइट हैंड, स्पिनर या तेज गेंदबाज जैसे खिलाड़ियों की मांग किए जाने पर उसी अनुरूप स्थानीय क्रिकेटरों को अभ्यास के लिए भेजा जाएगा। अलग-अलग अभ्यास सत्रों में उपलब्ध महिला खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा। इनमें अंडर-19 और सीनियर वर्ग की खिलाड़ी शामिल हो सकती हैं। इससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने और उनके अनुभव से सीखने का अवसर मिलेगा।

15 अक्टूबर से शुरू हो सकता है अभ्यास सत्र

टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 18 अक्टूबर को खेला जाएगा। दोनों टीमों के 14 अक्टूबर तक रायपुर पहुंचने की संभावना है। ऐसे में 15 अक्टूबर से स्टेडियम में अभ्यास सत्र शुरू होने की उम्मीद है। महिला खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मैदान में नई व्यवस्थाएं तैयार की जा रही हैं।

छह घंटे के भीतर पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को उत्तरप्रदेश से किया गिरफ्तार

लेन-देन के विवाद पर शुक्रवार को तीन लोग जबरन कार में बैठाकर ले गए थे

रायपुर के कारोबारी का अपहरण मिर्जापुर में पकड़े गए किडनैपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र के रावांभाठा, डीएम प्लाजा निवासी पेशे से ट्रांसपोर्ट कारोबारी का उत्तरप्रदेश के तीन बदमाशों ने शुक्रवार दोपहर अपहरण कर लिया। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के छह घंटे के भीतर पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस तथा इंटरस्टेट पुलिस के साथ को-आर्डिनेशन कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कारोबारी प्रतीक राय के अपहरण करने के आरोप में पुलिस ने उत्तरप्रदेश के अभय सिंह, बृहस्पत देव सिंह, आदर्श सिंह को गिरफ्तार किया है। अपहरण की रिपोर्ट प्रतीक की पत्नी ने थाने में दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को उनका पति भोजन करने दोपहर में घर ⏭शेष पेज 12 पर

मोबाइल बंद होने से चिंतित पत्नी रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची

घंटों इंतजार के बाद कारोबारी वापस नहीं लौटा तो उनकी पत्नी ने अपने पति के मोबाइल पर कॉल किया। कॉल करने पर उनका मोबाइल बंद मिला। पतासाजी करने पर महिला को अपने पति के अपहरण होने की जानकारी मिली। इसके बाद वे रात 9 बजे अपने पति के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचीं।

अपहर्ताओं को ऐसे ट्रैक किया

जानकारी मिलने के बाद नार्थ डीसीपी दीपमाला कश्यप के निर्देश पर एसीपी नार्थ पूर्णिमा लांबा तथा खमतराई टीआई मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। बिलासपुर मार्ग की ओर जाने की जानकारी मिलने पर रास्ते में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रूट मैप तैयार किया।





चार माह पूर्व खरीदी थी गाड़ी

जिस कार में कारोबारी का अपहरण किया गया। वह कार अभय सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड होना पाया गया। उक्त कार को उसने चार माह पूर्व ही खरीदा था। आरोपियों ने कारोबारी के पैसों से खमतराई के पेट्रोल पंप से जबरन 47 सौ रुपए का ऑयल डलवाया। इसके अलावा उनके अकाउंट से अपने अकाउंट में 45 हजार रुपए ट्रांसफर कराए थे। तीनों अपहरणकर्ताओं को पुलिस रविवार को सुबह रायपुर लेकर पहुंचेगी।

ईएमआई विवाद में अपहरण

पुलिस के मुताबिक, कारोबारी ने तीनों अपहरणकर्ताओं में से किसी एक से ट्रक किराए पर लिया था। ट्रक किराए पर लेते समय कारोबारी ने किराया देने के साथ ट्रक का ईएमआई जमा करने अनुबंध किया था। बताया जा रहा है, कारोबारी ने ईएमआई जमा करना बंद कर दिया। इस बात को लेकर तीनों आरोपी कारोबारी से बातचीत करने रायपुर पहुंचे थे। बात बिगड़ने पर वे कारोबारी का अपहरण कर अपने साथ उत्तरप्रदेश ले गए।

इस मार्ग से भागे बदमाश

कारोबारी का अपहरण करने के बाद बदमाश बिलासपुर-कोरबा के रास्ते अंबिकापुर, वाड्रफनगर के रास्ते उत्तरप्रदेश पहुंचे। तरपोंगी टोल प्लाजा में संपर्क कर पुलिस ने कार नंबर के आधार पर फास्टैग से जिस अकाउंट से टोल राशि काटी गई थी। उसकी जानकारी जुटाई गई। इसके बाद उस अकाउंट के मोबाइल नंबर की जानकारी जुटाकर पुलिस ने ट्रेस किया। उक्त मोबाइल तब अपहरणकर्ता के पास ही था। इसके बाद पुलिस ने उस मोबाइल को ट्रैक करते हुए आरोपियों को मिर्जापुर के पास अहरौरा के पास रास्ते में कार रोककर आरोपियों को अपने ठिकाने तक पहुंचने से पहले अपने कब्जे में लिया।



राधेश्याम राठिया, सांसद, रायगढ़
केराबाई मनहर, पूर्व विधायक सारंगढ़
संजय भूषण पाण्डेय, अध्यक्ष जिला पंचायत सारंगढ़
ज्योति पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा सारंगढ़
कमलेश अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत सरिया
जगन्नाथ पाणिग्राही, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा
डॉ अभिलाषा कैलाश नायक, जिला पंचायत सदस्य
विनोद भारद्वाज, जिला पंचायत सदस्य सारंगढ़
ताराचंद देवांगन, जिलाध्यक्ष कांग्रेस
श्रीमती ममता राजीव सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत सारंगढ़
सोनी अजय बंजारे, अध्यक्ष नगर पालिका सारंगढ़
पदमा घनश्याम मनहर, पूर्व विधायक सारंगढ़
कविता प्राण लहरे, विधायक बिलाईगढ़
श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, विधायक सारंगढ़

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी & inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज़ Presents

जिला संवाद 2026

सारंगढ़-बिलाईगढ़



श्रीमती पद्मिनी भोई साहू, कलेक्टर, सारंगढ़-बिलाईगढ़



श्री सुनील शर्मा जी, पुलिस अधीक्षक, सारंगढ़-बिलाईगढ़



रतन शर्मा, जिलाध्यक्ष कैट सारंगढ़-बिलाईगढ़



डॉ. आनंद प्रधान, प्रधान हॉस्पिटल दानसरा सारंगढ़



मुकेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन सारंगढ़-बिलाईगढ़



संगीत सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स इंडस्ट्रीज सारंगढ़-बिलाईगढ़



सतीश यादव, अध्यक्ष सेवा भारती एवं समाजसेवी

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर



मान. टंकराम वर्मा, राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री, प्रभारी मंत्री, जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़

जिला संवाद 2026 सारंगढ़-बिलाईगढ़



डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक - हरिभूमि, आईएनएच

जिला संवाद 2026 सारंगढ़-बिलाईगढ़



मान. गजेन्द्र यादव, शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन

दिनांक : 4 अक्टूबर 2026, रविवार, समय : 3 बजे

कार्यक्रम स्थल : शुक्ला मैरिज पैलेस, बरमकेला रोड, सारंगढ़

इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकास को सुनिश्चित करेगी।

MP: TATA PLAY 1155 | airtel 366 | bathwidy 229 | DEN 350 | ACN 172 | 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh | जनता TV
CG: TATA PLAY 1155 | airtel 366 | bathwidy 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 397 | 478 | NEXT DIGITAL 812

एवं सभी केबल नेटवर्क पर उपलब्ध

अंतिम 12 घंटे

SAVE
UN-LIMITED

UP TO 50 % LESS

प्रदेश का सर्वाधिक विश्वसनीय सेल जहाँ पर आप
सुप्रसिद्ध मिलों की सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स
ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
आदि पर 50% तक छूट प्राप्त कर सकते हैं।

OPEN TODAY

महेन्द्र कम्पनी
मोदी सन्स

मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 4049406/7/8

Design by DAD 4099504

खबर संक्षेप

सूत सारथी समाज की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर



रायपुर। सूत सारथी समाज छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश कमेटी की पहली बैठक राजधानी में प्रदेश अध्यक्ष योगेश सारथी, महासचिव विक्रम सेंगर के संयुक्त नेतृत्व में हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, प्रबुद्ध नागरिक एवं सामाजिक प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान समाज के सर्वांगीण विकास, संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष योगेश सारथी, महासचिव विक्रम सेंगर ने कहा कि समाज को राज्य स्तर पर एकजुट और सक्रिय बनाने के लिए आगामी माह में प्रदेश कोर कमेटी, प्रदेश महिला कमेटी एवं प्रदेश युवा कमेटी का गठन किया जाएगा। इन कमेटियों के माध्यम से समाज के युवाओं और महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाया जाएगा तथा सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा दी जाएगी।

निधन

सीता देवी टहिल्यानी

रायपुर। तेलीबांधा निवासी सीता देवी टहिल्यानी का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे वासुदेव, देवेंद्र, संजय, जयप्रकाश, खेमचंद, बसंत टहिल्यानी की माता थीं।

मुकेश अग्रवाल

रायपुर। सृष्टि गार्डन, तेलीबांधा निवासी मुकेश अग्रवाल का 3 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. जगदीशचंद्र अग्रवाल के ज्येष्ठ पुत्र, मीना अग्रवाल के पति एवं चेतन अग्रवाल के पिता थे।



बरसात के बाद सड़क-पुल निर्माण में आएगी तेजी, 672 करोड़ के 24 कार्यों की निविदा मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बरसात खत्म होने के बाद प्रदेश में सड़क और पुल निर्माण के कामों में तेजी आने वाली है। राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग के 24 महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 672 करोड़ 22 लाख 30 हजार रुपए की निविदाओं को मंजूरी दी है। इनमें नई सड़कों के निर्माण के साथ मौजूदा मार्गों के उन्नयन, चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के कार्य शामिल हैं। विभाग ने संबंधित अधिकारियों को चयनित ठेकेदारों एवं निर्माण एजेंसियों को जल्द कार्यादेश जारी कर निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। स्वीकृत कार्यों में सात नई सड़कें, दो पुल एवं पहुंच मार्ग, तीन सड़क उन्नयन और 12 चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के कार्य हैं। परियोजनाएं दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, बिलासपुर, महासमुंद, बलरामपुर-रामानुजगंज, रायगढ़, रायपुर, कांकेर, बेमेतरा, दुर्ग और सरगुजा सहित विभिन्न जिलों में प्रस्तावित हैं।

कांकेर-भानुप्रतापपुर मार्ग होगा मजबूत

सबसे अधिक लागत वाले कार्यों में कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर राज्य मार्ग के 36.80 किलोमीटर हिस्से का पुल-पुलियों सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण शामिल है। इसके लिए 85 करोड़ 83 लाख 4 हजार रुपए की निविदा मंजूर हुई है। महासमुंद में बिहाझर-गांजर-रेवा मार्ग के 25.90 किलोमीटर हिस्से के लिए 59 करोड़ 89 लाख 21 हजार रुपए तथा रायगढ़ में रायगढ़-लोइंग-महापल्ली मार्ग के पांच किलोमीटर फोरलेन चौड़ीकरण एवं विद्युतीकरण के लिए 59 करोड़ 49 लाख 4 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

सात नई सड़कें, दो पुल एवं पहुंच मार्ग तीन सड़क उन्नयन और 12 चौड़ीकरण



रायगढ़ में फोरलेन और विद्युतीकरण

रायगढ़-कोतरा-नंदेली राज्य मार्ग के पांच किलोमीटर हिस्से के फोरलेन चौड़ीकरण एवं विद्युतीकरण के लिए 47 करोड़ 77 लाख 76 हजार रुपए तथा रायगढ़ जिले में उर्दना-कृष्णापुर-खैरपुर मार्ग के 3.40 किलोमीटर हिस्से के लिए 13 करोड़ 74 लाख 29 हजार रुपए की निविदा मंजूर की गई है।

अरपा और खारुन पर बनेंगे उच्चस्तरीय पुल

बिलासपुर जिले में लोधीपारा (सरकंडा)-कोनी मार्ग पर अरपा नदी में उच्चस्तरीय पुल और पहुंच मार्ग के लिए 17 करोड़ 63 लाख 32 हजार रुपए तथा चोरहादेवरी-परसदा मार्ग पर खारून नदी में पुल के लिए 7 करोड़ 68 लाख 16 हजार रुपए की निविदा मंजूर हुई है। राजनांदगांव के डोंगरगढ़ में पुल-पुलियों सहित आठ किलोमीटर फोरलेन परिक्रमा पथ के लिए 46 करोड़ 22 लाख 8 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। धमतरी में आमदी नगर पंचायत के 3.50 किलोमीटर फोरलेन गौरव पथ एवं सौंदर्यीकरण पर 19 करोड़ 26 लाख 10 हजार रुपए खर्च होंगे।

ई-वाहनों की रफ्तार टॉप गियर में, 60 हजार वाहन बिके

जीएसटी कम होने से सालभर में प्रदेश में बिके 50 हजार ज्यादा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्र सरकार ने बीते साल 22 सितंबर से जीएसटी में बड़ा बदलाव किया था। इसमें वाहनों पर लगने वाली 28 फीसदी जीएसटी को 18 फीसदी कर दिया गया। नई जीएसटी लागू होने के बाद एक साल में प्रदेश में वाहनों की बिक्री की रफ्तार बढ़ी है और जीएसटी के एक साल पूरे होने पर करीब 50 हजार वाहन ज्यादा बिके, जो सात फीसदी का इजाफा है। ई-वाहनों की बिक्री की रफ्तार भी टॉप गियर में रही है। इसमें करीब 28 फीसदी का इजाफा हुआ है और 60 हजार ई-वाहन बिके हैं।

जीएसटी का नया स्लैब लागू होने के बाद जिन भी सामानों में जीएसटी कम हुई है, उसका आम ग्राहकों को फायदा नहीं हुआ है, लेकिन ऑटोमोबाइल सेक्टर में ऐसा नहीं है। इसमें ग्राहकों को भरपूर फायदा हुआ है। ऐसे में वाहनों की बिक्री बीते साल सितंबर से इस साल के सितंबर तक बहुत ज्यादा हुई है। बीते साल त्योहारी सीजन में भी ग्राहकों को बहुत फायदा हुआ। जीएसटी कम होने के कारण वाहन भी ज्यादा बिके हैं।



कौन से वाहन कितने बिके

बीते साल के सितंबर से लेकर इस साल के सितंबर तक के एक साल में देखे तो जहां 2024 से 2025 सितंबर तक प्रदेश में 703576 वाहन बिके थे। इसके बाद जीएसटी का नया स्लैब लागू होने के बाद सितंबर 2025 से 2026 तक 752472 वाहन बिके हैं। यानी 48896 वाहन ज्यादा बिके हैं। यह करीब सात फीसदी है। बीते साल दोपहिया वाहन 537428 बिके थे जो बढ़कर 570474 हो गए। इसमें 6.15 फीसदी का इजाफा हुआ। सबसे ज्यादा इजाफा तिपहिया वाहनों में हुआ है। ये बीते साल 14830 बिके थे जो बढ़कर 18015 हो गए। इसमें 21.48 फीसदी का इजाफा हुआ है। जहां तक चारपहिया वाहनों का सवाल है तो ये बीते साल 74352 बिके थे, जो बढ़कर 84195 हो गए। इसमें 13.24 फीसदी का इजाफा हुआ है। कमर्शियल वाहन बीते साल 27206 बिके थे जो बढ़कर 30899 हो गए। इसमें 13.57 फीसदी का इजाफा हुआ है।

ई-वाहनों में 28 फीसदी का इजाफा

सबसे ज्यादा ई-वाहनों की बिक्री में 28 फीसदी का इजाफा हुआ है। बीते साल ये 47682 बिके थे जो इस साल बढ़कर 60901 हो गए। इसमें सबसे ज्यादा 40217 दोपहिया वाहन बिके। इसमें 25 फीसदी का इजाफा हुआ है। इसके बाद 16044 तिपहिया वाहन बिके हैं। इसमें 23 फीसदी का इजाफा हुआ है। जहां तक कारों का सवाल है तो 4288 बिकीं हैं। इसमें 90 फीसदी का इजाफा हुआ है। कमर्शियल वाहन 352 बिके हैं। ये बीते साल महज 75 बिके थे। इसमें 370 फीसदी का इजाफा हुआ है। सभी वाहनों को मिलाकर 28 फीसदी वाहन ज्यादा बिके हैं।

हर तरह के वाहन ज्यादा बिके

जीएसटी कम होने के कारण बीते साल सितंबर से लेकर इस साल सितंबर तक सभी प्रकार के वाहन ज्यादा बिके हैं। ई-वाहनों की बिक्री में सबसे ज्यादा 28 फीसदी का इजाफा हुआ है।

- विवेक गर्ग,
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा

तखतपुर-चकरभाठा में नई इकाई गठित

बिलासपुर में ट्रांसपोर्ट और महिला चैंबर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के बिलासपुर प्रवास के दौरान महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संगठन का विस्तार करते हुए बिलासपुर जिले के तखतपुर एवं चकरभाठा को नवीन चैंबर इकाई के रूप में विधिवत गठित किया गया। राकेश मंदानी को तखतपुर इकाई अध्यक्ष तथा अशोक जोतवानी को चकरभाठा इकाई अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी और चैंबर के प्रतिनिधिमंडल नवनियुक्त इकाई के अध्यक्षों को बधाई देते हुए व्यापारिक हितों में सक्रियता से कार्य करने का आव्हान किया।

- चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल का बिलासपुर प्रवास

साथ ही बिलासपुर चैंबर इकाई के अध्यक्ष भागचंद बजाज एवं इकाई पदाधिकारियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी तथा चैंबर प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बिलासपुर चैंबर इकाई ट्रांसपोर्ट चैंबर एवं महिला चैंबर का गठन किया गया। इस अवसर पर नवदीप लूथरा को ट्रांसपोर्ट चैंबर अध्यक्ष तथा प्रेमलता गुप्ता को महिला चैंबर के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। प्रवास की अगली कड़ी में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत उपभोक्ता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी एवं उनकी टीम की ओर से सतीश थौरानी का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।

सतीश थौरानी ने अपने संबोधन में कहा कि चैंबर का मुख्य ध्येय प्रदेश के प्रत्येक व्यापारी के अधिकारों की रक्षा करना और संगठन को हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, राधाकिशन सुंदरानी, कमल सोनी, उपाध्यक्ष राजेश गुरुनानी, दिलीप इसरानी, नवदीप सिंह अरोरा, धीरज रोहरा, अभिषेक विधानी, जितेंद्र बड़वानी, मंत्री अनिल विधानी, बिलासपुर चैंबर इकाई अध्यक्ष भागचंद बजाज, सचिव मोहित सराफ, कोषाध्यक्ष अविनाश आहूजा, बिलासपुर इकाई ट्रांसपोर्ट चैंबर अध्यक्ष नवदीप लूथरा, महिला चैंबर अध्यक्ष प्रेमलता गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बिजनेस साइट

बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया पेंशन फंड व्यवसाय का शुभारंभ

रायपुर। एनपीएस दिवस 2026 के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने पेंशन फंड कारोबार में प्रवेश किया। बैंक को पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 की धारा 27 के तहत पेंशन फंड के प्रायोजक के रूप में नियुक्ति का प्रमाणपत्र मिला। साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा सार्वजनिक क्षेत्र का पेंशन फंड कारोबार शुरू करने वाला दूसरा बैंक बन गया है। प्रमाण-पत्र वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया ने बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. देबदत्त चांद को प्रदान किया। इस दौरान पीएफआरडीए के अध्यक्ष एस. रमन और एनपीएस ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बैंक ने भीम एप पर 'तत्काल एनपीएस' सुविधा की शुरुआत भी की। इसके जरिए ग्राहक भीम प्लेटफॉर्म से डिजिटल तरीके से एनपीएस से जुड़ सकेंगे। डॉ. देबदत्त चांद ने कहा कि पेंशन फंड कारोबार में प्रवेश और भीम ऐप पर तत्काल एनपीएस की सुविधा से ग्राहकों के लिए पेंशन उत्पादों की पहुंच और सुविधा बढ़ेगी।

विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स नेक्सा ने मनाया अपना चौथा स्थापना दिवस

रायपुर। विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स नेक्सा, रायपुर ने अपने सफल संचालन के चार वर्ष पूरे होने पर चौथा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर यशवंत अग्रवाल सहित नेक्सा की पूरी टीम और कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर कर्मचारियों ने एकजुट होकर केक काटा और चार वर्षों की उपलब्धियों का जश्न मनाया। प्रबंधन ने संस्था की सफलता का श्रेय ग्राहकों के विश्वास, कर्मचारियों की मेहनत और व्यापारिक सहयोगियों के सहयोग को दिया।



मैनेजिंग डायरेक्टर यशवंत अग्रवाल ने टीम को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चार वर्षों की यह उपलब्धि प्रत्येक कर्मचारी के समर्पण और ग्राहकों के भरोसे का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ग्राहकों को बेहतर सेवाएं, उत्कृष्ट उत्पाद और प्रीमियम नेक्सा अनुभव उपलब्ध कराना प्राथमिकता रहेगी। समारोह में ग्राहकों, कर्मचारियों, सहयोगियों और शुभचिंतकों के प्रति आभार जताते हुए संस्था ने निरंतर विकास और नई उपलब्धियां हासिल करने का संकल्प लिया।

एक्सप्रेस-वे के स्ट्रीट पोल जर्जर, न मेंटेनेंस न रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फाफाडीह से शदाणी दरबार तक पौने 13 किलोमीटर एक्सप्रेस-वे पर लगाए गए 472 में से ज्यादातर इलेक्ट्रिक पोल जंग लगने के कारण सड़ने की स्थिति में हैं। इसका प्रमुख कारण संबंधित एजेंसी द्वारा बिजली खंबों का रखरखाव नहीं करना है।

- फाफाडीह से शदाणी दरबार तक लगे ज्यादातर बिजली खंबों में जंग
- अधिकतर लाइटें बंद, खंबों में सपोर्ट के लिए लोहे के क्लैम्प लगाए

कई स्थानों पर खंबे एक ओर झुक गए हैं। बिजली खंबों का सही तरीके से मेंटेनेंस नहीं होने से कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। यहां लगाए गए ज्यादातर खंबों से कई जगह की लाइट गायब है, इस कारण एक्सप्रेस-वे पर रात के समय अंधेरा रहता है। अंधेरा होने के कारण आपराधिक तत्व आने-जाने वाले लोगों से लूटपाट तथा मारपीट की घटना को अंजाम देते हैं। मौके पर जाकर निरीक्षण करने पर पाया गया कि बिजली खंबा, जिसका बीच से ज्वाइंट टूटने की आशंका है, वहां खंबे को सपोर्ट देने लोहे की सपोर्टिंग प्लेट को नट-बोल्ट लगाकर कस दिया गया है।



श्रीमद भागवत कथा आज से

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल सभागार चौबे कालोनी में सात दिवसीय 4 से 10 अक्टूबर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा शाम 4 से 7 बजे तक जारी रहेगी। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक समिति के संजय सहगल ने देते हुए बताया कि जगन्नाथपुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य अनंत विभूषित स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज के शिष्य आचार्य डॉ. भारत भूषण पाण्डेय महाराज आरा, बिहार के श्रीमुख से भक्ति वैराग्य की त्रिवेणी का प्रवाह कर भक्तों को कथा रस सुधा का पान कराएंगे।



APPOINTMENT

Applications are invited under statute-28 for the following posts in DES Sau. Kusum Tai Dabke Law College, K.K. Road Maudhapara, Raipur C.G.

S. No.	Name of Post	No. of Post	Qualification
01	Principal	01	**(A) Eligibility:** a) Master's Degree with at least 55% (or an equivalent grade in a point scale wherever grading system is followed by a recognized university.) b) Ph.D degree in concerned allied/relevant discipline(s) in the institution concerned with evidence of published work and research guidance. c) Associate Professor/Professor with a total experience of 15 years teaching/ research/ administration in universities, colleges and other institutions of higher education.d) A minimum of 10 research publications in peer-reviewed or UGC-listed journals. e) A minimum of 110 Research Score as per Appendix-II, Table 2 (As per UGC Regulation 2018) **(B) Tenure:** I) A College Principal shall be appointed for a period of five years, extendable to another term of five years on the basis of performance assessment by a Committee appointed by the University, constituted as per these regulations.ii) After the completion of his/her term as Principal, the incumbent shall join back his/her parent organization with the designation as Professor and in the grade of the Professor.
02	Assistant Professor (Law)	02	**A.** Good Academic Record With At Least 55% Marks (Or An Equivalent Grade In A Seven-Point Scale Wherever Grading System Is Followed) At The Master's Degree Level In Relevant Subject. **B)** NET/SLET/SET/Ph.DC) The Ph.D. Degree Has Been Obtained From A Foreign University/ Institution With A Ranking Among Top 500 In The World University Ranking (At Any Time) By Any One Of The Following: (I) Quacquarelli Symonds (QS) (ii) The Times Higher Education (THE) Or (iii) The Academic Ranking Of World Universities (ARWU) Of The Shanghai Jiao Tong University (Shanghai)
03	Clerk	01	**(I)** (10+2) Passed from Recognized Board. Passed Old Higher Secondary Examination and 1st Year Pass of Any Graduation Course from Recognized University examination. **(ii)** 1 Year Diploma in Computer Application/Data Entry Operator/ Programming by a Recognized Institute/ University. **(iii)** A Speed of 5000 Key Depression per Hour In Computer Hindi Typing (Typing Speed Test Will be Taken On Computer).
04	Librarian	01	**A)** Master's Degree in Library Science/Information Science or Documentation Science or an Equivalent Professional Degree with at least 55% marks (or an equivalent grade in a point scale, wherever the grading system is followed) A consistently good academic record, with knowledge of computerization of a library **B)** NET/SLET/Ph.D
05	Peon	01	Passed 8th Class

Note: Qualification as per UGC Regulation 2018 as amendment from time to time.Pay Scale:- As per UGC/CG Govt. Norms 7th Pay

Instructions: Filled applications should be submitted in triplicate and should accompany:
(A) All the testimonials
(B) Self-addressed envelope with tickets
(C) Clearly mentioned telephone no. and address
Applications are also directly accepted in college during working hours, within 15 days of publication.

President, Durga Education Society, Maudhapara, Raipur (C.G.)

Incharge Principal/Ex-officio Secretary Governing Body DES S.K.T.D. Law College, Maudhapara, Raipur (C.G.)



पेज 7 शेष के शेष

टीम इंडिया और ....

अब तक इस तरह का मौका सीमित रूप से ही मिल पाता था। रायपुर में होने वाली इस सीरीज के दौरान छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से जुड़ी महिला खिलाड़ियों को टीम इंडिया और जिम्बाब्वे की खिलाड़ियों के अभ्यास सत्र में शामिल किया जाएगा।

स्टार खिलाड़ियों से सीखने का मौका

अभ्यास सत्र में शामिल होने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को अनुभवी क्रिकेटरों से तकनीकी और खेल संबंधी बारीकियां सीखने का अवसर मिलता है। खिलाड़ी अपनी खेल संबंधी समस्याओं पर अनुभवी खिलाड़ियों से चर्चा कर उनका मार्गदर्शन भी ले सकते हैं। अब छत्तीसगढ़ की महिला क्रिकेटरों को स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा और हरमनप्रीत कौर जैसी भारतीय खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने और उनसे सीखने का अवसर मिल सकता है। इससे स्थानीय महिला खिलाड़ियों के अनुभव और आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

2 लाख 10 हजार ....

बाहर निकालकर स्थल की सफाई कराने नगर निगम जोन-8 ने टेंडर किया है। इस टेंडर में स्थानीय 7 से 8 ठेकेदारों ने दिलचस्पी दिखाई। सबसे ज्यादा बोली वाले ठेकेदार ने 2 लाख 10 हजार रुपए में विसर्जन कुंड में एकत्र ढांचे खरीद लिए। अनुबंधित ठेकेदार प्रतिमाओं के अवशेष के साथ ही आगामी नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कुंड में विसर्जित ढांचे भी ले जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, ढांचा विक्रय से प्राप्त यह राशि गत वर्ष की तुलना में डेढ़ से दोगुना है।

महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड के चारों ओर जमा ढांचों के ढेर को उठाने का कार्य रविवार से शुरू हो जाएगा। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नरी ने टेंडर कर कुंड और उसके आसपास जमा ढांचों को नीलाम कर विक्रय कर दिया है। इससे नगर निगम को 2 लाख 10 हजार रुपए मिले हैं, जो कि पिछले साल के ढांचा नीलाम की गई राशि से ज्यादा है। अनुबंधित ठेकेदार नीलामी की राशि जमा कर ढांचे निकालने का काम रविवार से शुरू करेगा। जोन-8 कमिश्नरी मिशन मोड में विसर्जन कुंड की सफाई कराने की तैयारी है। चार से पांच दिन में विसर्जन कुंड और उससे आसपास जमा ढांचों को हटाकर संबंधित क्षेत्र को साफ-सुथरा कराया जाएगा। पहले कुंड से ढांचे निकालकर उसकी सफाई कराई जाएगी। उसके बाद कुंड में जमा गाद और गंदा पानी को बाहर निकालकर कुंड की तलछटी को ब्लीचिंग पावडर डालकर धुलाई का कार्य कराया जाएगा। वहीं प्रतिमा विसर्जन के दौरान प्रयुक्त मिट्टी को अम्लेश्वर, रायपुरा सहित आसपास के मिट्टी कला के कारीगर उपयोग में लाएंगे।

रायपुर के कारोबारी ....

आया। उसी समय तीन युवक उनके घर पहुंचे। तीनों उसके पति को बात करने के बहाने नीचे बुलाकर ले गए। इसके बाद बातचीत करते हुए उन्हें जबरन धक्का देकर स्कार्पियो कार में बैठाकर उनका अपहरण कर ले गए।

हरिभूमि

रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



खादी के परिधानों में दिखी भारतीय...

शहर के विभिन्न कॉलेजों में हुई फ्रेशर्स पार्टी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ चुने गए मिस्टर-मिस फ्रेशर्स

फ्रेशर्स ने बिखेरा टैलेंट, डांस फ्लोर पर सीनियर्स के साथ जमकर थिरके





रायपुर। दिशा कॉलेज की ओर से शनिवार को जोरा स्थित प्रतिष्ठा मैरिज पैलेस में शिक्षक दिवस व फ्रेशर्स पार्टी 'परंपरा-2026' का आयोजन किया गया। फ्रेशर्स पार्टी में नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। देसी टॉपर्स, रेट्रो, रॉक, फ्री स्टाइल और देसी गर्ल थीम पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद डांस फ्लोर पर जूनियर और सीनियर विद्यार्थियों ने जमकर उत्साह दिखाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ए.के. तिवारी व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के प्रोफेसर डॉ. ए.के. श्रीवास्तव मुख्य अतिथि रहे। डिप्टी रजिस्ट्रार सनत कुमार वर्मा और श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एंड कॉलेज एवं दिशा एजुकेशन सोसाइटी के डायरेक्टर सीए नितिन पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग का संदेश

प्राचार्य डॉ. ए.के. तिवारी ने कहा कि विद्यार्थी कॉलेज का आधार स्तंभ हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सुख-दुख, लाभ-हानि और जय-पराजय के बीच संतुलन बनाए रखने तथा अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटने की सीख दी। डॉ. ए.के. श्रीवास्तव ने कहा कि ज्ञान और अनुभव जीवन की दो महत्वपूर्ण शक्तियां हैं। ज्ञान सही दिशा दिखाता है, जबकि अनुभव उस दिशा में आगे बढ़ना सिखाता है। डिप्टी रजिस्ट्रार सनत कुमार वर्मा ने कहा कि संघर्ष करते हुए आगे बढ़ने पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। वहीं, सीए नितिन पटेल ने लक्ष्य निर्धारित कर समय का सदुपयोग करने और निरंतर मेहनत करने पर जोर दिया।

मिस्टर-मिस फ्रेशर्स का हुआ चयन

विभिन्न वर्गों से आकृति सोनी, नंदिनी शर्मा, आराध्या गौतम, जान्हवी साहू और दिया डे को मिस फ्रेशर्स तथा प्रशांत ध्रुव, अनंत श्रीवास्तव, मयूख मुखर्जी, अभिनव सोनी और पवन नेताम को मिस्टर फ्रेशर्स के लिए चुना गया। वहीं, परिधानों के आधार पर आराधना नामदेव, हर्षा संकलेचा, जसलीन कौर, काजल देवांगन और तनिष्का साव को मिस ईव तथा अब्दुल अयान खान, शिवम शर्मा, अरमानदीप सिंह पाल, आदित्य मिश्रा और देवराज बाग को मिस्टर ईव चुना गया। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

रीमिक्स पर थिरकते हुए स्टूडेंट्स ने फ्रेशर्स पार्टी में जमाया रंग, छालीवुड स्टार ने लगाए ठुमके

महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का उत्साह से किया वेलकम



छालीवुड के मशहूर अभिनेता प्रकाश अवस्थी शनिवार को अपराह्न तीन बजे महंत लक्ष्मी नारायण दास कॉलेज में आयोजित फ्रेशर्स पार्टी में शिरकत करने पहुंचे। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के साथ जमकर ठुमके लगाते हुए रीमिक्स गीतों पर डांस करते हुए छात्राओं ने अभिनेता के साथ सेल्फी का आनंद लेते हुए मस्ती भरे माहौल में नृत्य की ऐसी महफिल जमाई, जिसमे नए-पुराने गानों पर सीनियर, जूनियर और टीचर भी झूमते हुए दिखाई दिए।

इससे पहले महंत लक्ष्मी नारायण दास कॉलेज गांधी चौक में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत करने के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें मंच पर मौजूद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी, संस्था के अध्यक्ष अजय तिवारी, डॉ. किरण अग्रवाल सहित सभी शिक्षकों की मौजूदगी रही। इस बीच छालीवुड और बालीवुड के चर्चित गीतों पर युवाओं ने ऐसी धूम मचाई, कि दूसरे साथ फोटो और वीडियो बनाते नजर आए।



माता-पिता के सपनों को पूरा करने की अपील

फ्रेशर्स पार्टी शुरू होने से पहले छात्र-छात्राओं ने पाश्चात्य रीमिक्स पर एक घंटे धूप में जमकर डांस किया। इस बीच में अतिथियों की मौजूदगी में अभिनेता प्रकाश अवस्थी ने छात्र-छात्राओं से संबोधन में माता-पिता के सपनों को पूरा करने की अपील करते हुए अपने सपनों को पूरा करने का आग्रह किया। सभी से अपील किया कि अनुशासन के साथ शिक्षा हासिल करें। वहीं संस्था के अध्यक्ष श्री तिवारी ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने तारीफ करते हुए कहा कि विद्या के इस मंदिर को अपनी प्रतिभा से सुगंधित करने का प्रयास करें।

एक-दूसरे के साथ मिलकर डांस शुरू किया

अंत में फिल्म अभिनेता श्री अवस्थी ने कहा कि युवा सभी रंगों में सुन्दर लगते हैं। अतिथियों के संबोधन के बाद फिर से डांस फ्लोर पर गाने की धुन बजने लगी और छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे के साथ मिलकर डांस शुरू कर दिया। दो घंटे तक पसीने से भीगते हुए डांस किया। इसके बाद कॉलेज की अनुशासन समिति के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वल्पाहार भी दिया गया अनुशासन के साथ घर जाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। इसके बाद भी युवा रूकने को तैयार नहीं थे। तब प्राचार्य एवं कॉलेज की अनुशासन प्रभारी ने सभी छात्र-छात्राओं को समझाते हुए उत्सव पर विराम लगाने निर्देश दिया।

फ्रेशर्स की एंट्री, रैंप वॉक और मस्ती से सजा कॉलेज का मंच

पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय, कचना में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत और उनके महाविद्यालयीन जीवन को यादगार बनाने के उद्देश्य से 'फ्रेशर्स पार्टी-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगीत, खेल, मनोरंजन, मस्ती और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल, संगीत और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने नाच-गाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उत्साह देखने को मिला। महाविद्यालय के चेयरमैन सुशील शुक्ला ने कहा कि फ्रेशर्स पार्टी केवल मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि नए और वरिष्ठ विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता और मित्रता बढ़ाने का माध्यम भी है। प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि नया शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के जीवन में नई संभावनाओं और अनुभवों की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपनी प्रतिभा निखारने के लिए विभिन्न मंच उपलब्ध कराता है।



रैंप वॉक रहा आकर्षण

फ्रेशर्स पार्टी में संगीत, खेल और मनोरंजक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों के यादगार पलों को कैमरे में संजोने की भी व्यवस्था की गई। विशेष आकर्षण रैंप वॉक रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रैंप वॉक के आधार पर बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के हरिशंकर राज देवांगन को मिस्टर हरिशंकर, बीए प्रथम सेमेस्टर की एकता पटेल को मिस हरिशंकर, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के सोमेश कुमार को फेस ऑफ द डे, बीबीए प्रथम सेमेस्टर के संदीप बिस्वास को बेस्ट परफॉर्मर बॉयज और बीबीए प्रथम सेमेस्टर की रंजना साहू को बेस्ट परफॉर्मर गर्ल्स चुना गया।

सोशल इवेंट

इंडियाज़ बेस्ट डांसर के विनर रितेश का स्वागत



रायपुर। माना एयरपोर्ट पर रायपुर के त्रिमूर्ति नगर निवासी रितेश पाल का भव्य स्वागत किया गया। मुंबई में इंडियाज बेस्ट डांसर प्रतियोगिता में विजेता बनकर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाने वाले रितेश के आगमन पर उनकी अगुवाई गर्मजोशी से किया गया। रितेश पाल सामान्य परिवार से हैं। उनके माता-पिता ने मेहनत मजदूरी करके उनका लालन-पालन किया। इस दौरान उनके डांस के प्रति लगाव को देखते हुए डांस इंस्टीट्यूट के कोरियोग्राफर मनीष चंद्राणी ने उनको सपोर्ट किया। त्रिमूर्ति नगर के रहवासी व उनके साथियों सहित समाजजनों ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया। मीडिया से चर्चा में रितेश ने बताया कि आज मैंने जो कुछ भी पाया, मेरे माता-पिता के आशीर्वाद और बड़े भाई व टीचर की वजह से संभव हो पाया है।

लोगों के बीच साझा किया विनर बनने का अनुभव

राज्यमंत्री किशोर महानंद ने कहा कि रितेश ने छत्तीसगढ़ का परचम देश में लहराया है। भरत छुरा ने बधाई देते हुए कहा समाज के युवा खेलकूद, कला, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। समाजसेवक प्रमोद महानंद ने रितेश की 12-14 घंटे की मेहनत की सराहना करते हुए बताया कि बिना संसाधन के इस मुकाम पर पहुंचना निश्चित गौरव का विषय है। शुभकामना देते हुए मोहल्ले के लोगों ने रितेश का उत्साह बढ़ाते हुए आगे भी अपनी कला के दम पर परचम लहराने का आशीर्वाद दिया। वहीं रितेश ने इंडियाज बेस्ट डांसर प्रतियोगिता में किस तरह से एक-एक करके विनर बनने का सफर पूरा किया, इसकी जानकारी साझा की।

पांच घंटे हनुमान चालीसा, 51 बच्चे करेंगे सामूहिक पाठ

छत्तीसगढ़ लोहाणा गुजराती महिला मंडल की ओर से रविवार को बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 51 संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से शुरू होने वाला यह धार्मिक आयोजन करीब पांच घंटे तक चलेगा। इस दौरान हनुमान चालीसा पाठ के साथ विभिन्न देवी-देवताओं की झांकीमय भजनों की प्रस्तुतियां भी होंगी।

51 बच्चे करेंगे सामूहिक चालीसा पाठ

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 51 बच्चों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा। बच्चे विशाल मंच के सामने एक साथ बैठकर संगीतमय रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। आयोजन में रायपुर के अलावा दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। लोहाणा महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा बेन रायचुरा, कार्यक्रम संयोजक हितेश रायचुरा, मुकेश शाह और प्रकाश पुजारा ने बताया कि आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को सामूहिक भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से जुड़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान गुजराती समाज के उन सेवाभावी रक्तदाताओं का सम्मान भी किया जाएगा, जिन्होंने 25 से अधिक बार रक्तदान किया है। आयोजन के अंत में रात 8 बजे भगवान हनुमान की महाआरती होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।



रायपुर। आयोजन की शुरुआत 21 पंडितों और धर्माचार्यों द्वारा शंखनाद, मंत्रोच्चार और भगवान हनुमान की आरती के साथ की जाएगी। गोंदिया (महाराष्ट्र) के भजन गायक मितेश भाई परमार संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ के साथ भजनों की प्रस्तुति देंगे।

आज 20 जिलों के 300 तीरंदाज दिखाएंगे निशानेबाजी का दम

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन की ओर से 26वीं जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 जिलों से करीब 300 तीरंदाज, कोच, मैनेजर और तकनीकी अधिकारी शामिल होंगे। जूनियर वर्ग के तीरंदाज प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन का प्रदर्शन करेंगे। एसोसिएशन के महासचिव आयुष मुरारका ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित तीरंदाज 21 से 28 अक्टूबर तक जयपुर, राजस्थान में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। ऐसे में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाने का महत्वपूर्ण अवसर होगी।

शाम 5 बजे होगा पुरस्कार वितरण

प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह शाम 5 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महंत राजीव लोचन दास महाराज और समाजसेवी बसंत अग्रवाल विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान करेंगे। आयोजक संस्था ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों और खेलप्रेमियों से प्रतियोगिता में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है।

कैंपस इवेंट

अग्र टैलेंट हंट में 35 प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा, आदित्य-शरद विजेता

रायपुर। छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज की शंकर नगर इकाई की ओर से पुरानी बस्ती स्थित दाऊ अंबरीश कुमार लक्ष्मेश्वर दयाल अग्रसेन भवन में 'अग्र टैलेंट हंट' का आयोजन किया गया। इसमें समाज की विभिन्न इकाइयों से आए 35 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीकांत अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर और भगवान अग्रसेन की आरती के साथ किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विजयलक्ष्मी चंद्राकर और सुमिता कुंडू ने निभाई। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों के आधार पर जूनियर और सीनियर वर्ग के विजेताओं का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्मिता अग्रवाल और ईशा अग्रवाल ने किया।

जूनियर वर्ग में आदित्य, सीनियर में शरद विजेता : जूनियर वर्ग में रायपुर के आदित्य राज अग्रवाल विजेता रहे। वहीं, सीनियर वर्ग में रतनपुर के शरद अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुंगेली के रितेश अग्रवाल और बिलासपुर के वीरेश अग्रवाल संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। बिलासपुर के सतीश अग्रवाल और बलौदाबाजार के आयुष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सुभाष दानी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्नर न्यूज

कोड उत्सव 10.0 शुरू, तकनीकी संस्थानों की टीमें दिखा रहीं नवाचार और समस्या-समाधान क्षमता

एनआईटी में कोडिंग का महामुकाबला, 41 टीमें दिखा रहीं इनोवेशन का दम, तकनीकी समाधान तलाश रहे युवा

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के ट्यूरिंग क्लब ऑफ प्रोग्रामर्स की ओर से दो दिवसीय कोडिंग हैकाथॉन 'कोडउत्सव 10.0' का शुभारंभ हुआ। जिला प्रशासन रायपुर के 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' के अंतर्गत आयोजित 28 घंटे की इस हैकाथॉन में देशभर के विभिन्न तकनीकी संस्थानों की 41 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, व्यावहारिक समस्या-समाधान, टीमवर्क और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देना है।



वास्तविक समस्याओं पर तैयार होंगे समाधान

हैकाथॉन में प्रतिभागी लगातार 28 घंटे तक विभिन्न वास्तविक और चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर काम करते हुए तकनीकी समाधान और कार्यशील प्रोटोटाइप तैयार करेंगे। आयोजन में तकनीकी नवाचार, रचनात्मकता और सहयोगात्मक समस्या-समाधान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर के प्रभारी निदेशक डॉ. समीर बाजपेयी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निको ग्रुप के प्रमुख कुमार संभव नामदेव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांकर पांडेय और कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप सिसोदिया विशेष अतिथि रहे। आयोजन टीसीपी के फैकल्टी इन-चार्ज डॉ. पवन कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

प्रैक्टिकल समस्या-समाधान पर जोर

डॉ. दिलीप सिसोदिया ने कहा कि हैकाथॉन में विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों से जुड़ी समस्याओं पर काम करने का अवसर मिलता है। इससे उनकी व्यावहारिक समस्या-समाधान क्षमता विकसित होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल भी महत्वपूर्ण है। डॉ. सुधांकर पांडेय ने प्रतिभागियों से अपने तकनीकी ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग करते हुए नए समाधान विकसित करने का आह्वान किया। कुमार संभव नामदेव ने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान से पहले उसकी वास्तविक प्रकृति और प्रभाव को समझना जरूरी है। उन्होंने ऐसे प्रोटोटाइप विकसित करने पर जोर दिया, जो तकनीकी रूप से प्रभावी होने के साथ वास्तविक जीवन में उपयोगी और व्यवहार्य भी हों। प्रभारी निदेशक डॉ. समीर बाजपेयी ने कहा कि कोडिंग तार्किक सोच और समस्या-समाधान क्षमता को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने तकनीकी समाधान तैयार करते समय उपयोगकर्ता की जरूरत, सुरक्षा और सहज उपयोग को प्राथमिकता देने तथा बेहतर टीमवर्क और संवाद बनाए रखने की बात कही।

खबर संक्षेप

डोमा में राज्य कबड्डी प्रतियोगिता आज से

आरंग। ग्राम डोमा में जय मां खल्लारी कबड्डी दल, बैचलर कबड्डी दल एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 03 को शाम 4 बजे शुभारंभ एवं 04 को शाम 5 बजे से समापन एवं पुरस्कार वितरण होगा।समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि धनेंद्र साहू (पूर्व मंत्री), अध्यक्षता डामन साहू (पूर्व उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर) एवं विशिष्ट अतिथि यशवंत साहू (सदस्य जिला पंचायत रायपुर), सतीश ध्रुव (सरपंच उगेतरा), उपेंद्र देशलहरे (सरपंच मोखेतरा), जनक साहू (सरपंच प्रति. डोमा), भीखम साहू (उपसरपंच डोमा), तेजराम साहू (पूर्व सरपंच कुम्हारी), हेमलाल जांगड़े (पूर्व सरपंच प्रति. तामासिवनी), कैलाश वर्मा (अधिवक्ता रायपुर), शंकर लाल यादव (अध्यक्ष युवा कांग्रेस), अरुण ध्रुव (सचिव नरियरा), टुकेश साहू (संचालक चाईस सेंटर डोमा) के सानिध्य में संपन्न होगा।

आंगनबाड़ी में सजा आंगन मिलन का मंच



आरंग। नगर पंचायत समोदा के वार्ड क्र. 11 हरदीडीह के आंगनबाड़ी में आंगन मिलन समारोह में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सेक्टर प्रभारी खिलेश्वरी साहू, कार्यकर्ता गायत्री साहू, सहायिका देवकुमारी एवं सेक्टर के सभी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन दीदी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि नगर पंचायत समोदा वार्ड क्र. 13 के पार्षद राजेश कुमार साहू, वार्ड 11 के पार्षद डोमन साहू, गणमान्य नागरिक टीकम साहू, दरियाव साहू, नारायण निषाद, खुमान साहू उपस्थित रहे।

निधन

जामीन बाई साहू

आरंग। ग्राम सन्डी निवासी जामीन बाई साहू का गुरुवार को निधन हो गया। वे 95 वर्ष की थीं। वे हिराधर साहू की मां व



योगेश्वर साहू शिक्षक की दादी थीं। उनकी शवयात्रा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।

बैहार-आरंग मार्ग पर मौत का खतरा, एक महीने में दो कारें खाई में गिरीं


हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

बैहार गांव से आरंग जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क किनारे सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले एक महीने में दो कारें सड़क किनारे गहरी खाई में गिर चुकी हैं। इसके बावजूद अब तक सुरक्षा बैरियर लगाने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल के माध्यम से करोड़ों रुपये का राजस्व वसूला जाता है, लेकिन बैहार से आरंग के बीच बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ दिखाई देता है। सड़क किनारे गहरी खाइयां हैं, कई स्थानों पर सर्विस रोड नहीं है और बारिश के पानी की निकासी के लिए उचित नालियों की व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब टोल वसूली लगातार जारी है, तो यात्रियों की सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं पर पर्याप्त ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है।

सर्विस रोड, नाली और सुरक्षा बैरियर की मांग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

सर्विस रोड नहीं, मजबूरी में गलत दिशा से आवाजाही

बैहार के ग्रामीणों की सबसे बड़ी समस्या सर्विस रोड का अभाव है। ग्रामीणों का कहना है कि बैहार से आरंग आने-जाने के दौरान सर्विस रोड नहीं होने के कारण कई वाहन चालकों को मजबूरी में गलत दिशा से आवाजाही करनी पड़ती है। इससे आमने-सामने की टक्कर और गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों के लिए भी यह स्थिति बेहद जोखिम भरी है।



गहरी खाइयां, लेकिन सुरक्षा बैरियर नदारद

बैहार से आरंग तक कई स्थानों पर सड़क के किनारे गहरी खाई मौजूद है। ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले एक महीने में दो कारें खाई में गिर चुकी हैं। इसके बावजूद दुर्घटनाजनक स्थानों पर मजबूत मेटल क्रैश बैरियर नहीं लगाए गए हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर जिम्मेदार विभाग किस बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। क्या दो कारों का खाई में गिरना भी सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

ग्रामीणों की मांग : बैहार से आरंग तक हो तत्काल सर्वे

क्षेत्रवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि बैहार से आरंग तक पूरे मार्ग का तत्काल सर्वे कराया जाए। दुर्घटनाजनक स्थानों पर मजबूत सुरक्षा बैरियर लगाए जाएं। साथ ही बैहार से आरंग तक आवश्यकतानुसार सर्विस रोड, उचित नाली निर्माण, जल निकासी और यातायात संकेतकों की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग केवल वाहनों की आवाजाही का माध्यम नहीं, बल्कि हजारों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। टोल वसूली के साथ सड़क सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

अभियान : सांसद निधि से कुकेरा में लाखों रुपए से बनेंगे सार्वजनिक भवन

सांसद बृजमोहन ने 900 स्वच्छता दीदियों का शाल और श्रीफल से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

शनिवार का दिन धरसींवा के इतिहास में स्वच्छता, स्वास्थ्य और नारी शक्ति के अभूतपूर्व सम्मान का साक्षी बना। ग्राम पंचायत कुकेरा में 'सेवा संकल्प अभियान' और 'स्वच्छता ही सेवा 2026' के तहत विशाल 'सामूहिक स्वच्छता श्रमदान' एवं 'मेगा स्वास्थ्य शिविर' का भव्य आयोजन किया गया। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नितिन गौरीशंकर अग्रवाल के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

- धरसींवा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नारी सम्मान के महाकुंभ मातृशक्ति के चेहरे खुशी से खिल उठे

सांसद बृजमोहन अग्रवाल के हाथों जब गांव की 900 स्वच्छता दीदियों और महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, तो मातृशक्ति के चेहरे खुशी से खिल उठे। सांसद ने स्वच्छता दीदियों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया, जिससे पूरा वातावरण गौरव और उत्सव के माहौल में बदल गया।



स्वच्छता आंदोलन की सबसे मजबूत धुरी हमारी मातृशक्ति : देवजी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जन-आंदोलन का रूप दिया है। आज धरसींवा के कुकेरा में जिस प्रकार का जन-सैलाब स्वच्छता के लिए उमड़ा है, वह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि ग्रामीण अंचलों में स्वच्छता के प्रति चेतना अत्यंत गहरी हो चुकी है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि हमारी मातृशक्ति इस अभियान की सबसे मजबूत धुरी बनी हुई है, और उनके बिना किसी भी सामाजिक बदलाव की कल्पना अधूरी है।

गांव-गांव में स्वच्छता फैलाने वाली दीदियां ही असली राष्ट्र निर्माता : नितिन

आयोजक और व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नितिन गौरीशंकर अग्रवाल ने अपने आभार एवं स्वागत उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता अभियान को हर घर और हर दिल तक पहुंचाना ही उनका परम ध्येय है। उन्होंने कहा कि गांव के चौक-चौराहों को साफ रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, और इस कार्य में दिन-रात जुटी स्वच्छता दीदियां असली राष्ट्र निर्माता हैं। आज इन 900 दीदियों का सम्मान करके पूरा क्षेत्र स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।



स्वच्छता जन-जन का सहज संस्कार और राष्ट्र निर्माण की नींवः सांसद बृजमोहन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का कोई प्रशासनिक अभियान नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का सहज संस्कार और राष्ट्र निर्माण की नींव है। उन्होंने उपस्थित अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक समाज का प्रत्येक नागरिक स्वयं आगे आकर स्वच्छता की इस यात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित नहीं करेगा, तब तक एक पूर्ण स्वच्छ और विकसित भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। सांसद ने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस स्वच्छता पखवाड़े की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुकेरा गांव के नागरिकों और विशेषकर हमारी स्वच्छता दीदियों ने आज जो श्रमदान और समर्पण दिखाया है, वह पूरे जिले के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है।

इनकी रही गरिमामय उपस्थिति

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री सुभाष अग्रवाल , रायपुर ग्रामीण प्रभारी श्री सुरेंद्र पाटनी , रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्री श्याम नारंग, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल , जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल ,सभापति श्री सरोज चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री श्री अशोक सिन्हा , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि वर्मा , युवा मोर्चा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री पिंटू साहू , श्रीमती सोना वर्मा जी (मंडल अध्यक्ष, खरोरा), राकेश यादव (मंडल अध्यक्ष, धरसींवा),मो युनुष,के.के. वर्मा , श्री भरत सोनी , श्री दिलेंद्र बांचोर , कृष्ण कुमार वर्मा , श्रीमती किरण साहू , श्रीमती पुष्पा बंजारे,बंटी शर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मियों का सम्मान

कूंरा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत धरसींवा में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य पार्क विवेकानंद परिसर में आयोजित कार्यक्रम का ग्राम पंचायत धरसींवा के सरपंच साहिल खान एवं बुजुर्ग ग्रामीणों के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। पंचायत द्वारा गांव की स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले स्वच्छता दीदियों, सफाई कर्मियों और गांव के वरिष्ठ नागरिकों के साथ साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ आंगनबाड़ी और बिहान योजना की महिलाओ के साथ साथ मितानिन दीदियो को पंचायत के द्वारा सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा सभी सम्मानित जनों को शॉल (गमछा) ओढ़ाकर और श्रीफल (नारियल) भेंट कर* सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के पंचगण, महिला जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष और युवा उपस्थित रहे। अंत में सभी ने गांव को स्वच्छ रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद सदस्यॉ श्रीमति पूजा अश्वनी वर्मा पूर्व जिला पंचायत श्री राकेश यादव पूर्व जनपद सदस्य श्री भूपेंद्र कसार पूर्व सरपंच श्रीमति सुल्ताना वहिदा उपसरपंच श्री ललित साहू सभी पंचगण साहिद,खान मोती पटेल मोहम्मद याकूब नूरजहॉ,लच्छराम विश्वकर्मा तेजेश्वरी साहू केसर यादव सीमा लहरी हेमलता निर्मलकर हेमलता साहू हुसैन खान मुकेश साहू अजय यादव के साथ भारी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

ब्लाक के 6500 छात्रों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

आरंग। शिक्षा के साथ संस्कार का संगम देखने को मिला विकासखंड आरंग में। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में इस वर्ष आरंग ब्लॉक के करीब 6500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर एक नया कीर्तिमान बनाया। 3 अक्टूबर को आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में देश के लाखों बच्चों ने एक साथ भारतीय संस्कृति, नैतिक शिक्षा और राष्ट्र गौरव से जुड़े प्रश्नों को हल किया। विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में भी 111 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।साथ ही ओएमआर शीट पर परीक्षा का अभ्यास भविष्य की बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उन्हें तैयार करता



है।" परीक्षा के बाद बच्चों में भारतीय संस्कृति को लेकर नई ऊर्जा और जिज्ञासा देखी गई। इस महापरीक्षा को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ आरंग परिवार से पवन साहू, जगमोहन चंद्राकर, रामानुज हिरवानी, शिवदयाल वर्मा, ओमप्रकाश साहू, लता साहू, कृष्णकुमार साहू, गेंदराम साहू, विजय वर्मा, भीम यादव, महेन्द्र पटेल सहित गायत्री परिवार के अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

सरपंच ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को बांटी मिठाई

सिलयारी। ग्राम पंचायत मलौद की सरपंच श्रीमती शारदा देवांगन के अवतरण दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मलौद में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को फल एवं मिठाई वितरित कर उनके साथ खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी बच्चों ने सरपंच श्रीमती शारदा देवांगन को उनके अवतरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सरपंच को शुभकामनाएं देते हुए उनके सामाजिक एवं जनहित के कार्यों की सराहना की। बच्चों के बीच फल एवं मिठाई वितरण से विद्यालय का माहौल भी उत्साह और खुशी से भर गया।

आरंग की गोठ बात में सुनी जनता की समस्याओं पर दिया गया समाधान

आरंग। शनिवार को आरंग के पुराने नगर पालिका परिसर में 'गोठ बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों और समूहों ने अपनी मांगों व समस्याओं से जुड़े ज्ञापन भी सौंपे। लोधी पारा के निवासियों ने नगर के सबसे बड़े झलमला तालाब का पानी अत्यधिक गंदा होने की शिकायत की। वार्डवासियों का कहना है कि पानी की बदबू और गंदगी के कारण लोग निस्तारी नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति से अवगत कराने के लिए वे तालाब के पानी का सैंपल भी साथ लेकर पहुंचे थे। इस पर अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीएमओ रामसंजीवन सोनवानी को मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए तथा लाया पानी लेब में टेस्ट के लिए भेजने के लिए इंजीनियर को सौंपा। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 14 के मोहल्लेवासियों ने गोपी देवार द्वारा किए जा रहे सुअर पालन के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि इससे पूरे मोहल्ले में तीव्र दुर्गंध फैल रही है, जिससे स्वास्थ्य संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। निवासियों ने इस समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग की। जिस पर अध्यक्ष ने सुअरों को आवासीय स्थल से हटाने हेतु आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भी अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात की। साथ ही, बद्री प्रसाद लोधी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन से मुलाकात कर आगामी 08 अक्टूबर को टाउन हॉल में आयोजित होने वाली फ्रेशर पार्टी के लिए आमंत्रित किया। गौठ बात कार्यक्रम में कई नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान को लेकर अध्यक्ष से मुलाकात की। नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने की बात कहते हुए अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर निराकरण करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधि तथा बीजेपी के कार्यकर्ता गण भी उपस्थित थे।

तामासिवनी विद्यालय में गूंजा नशामुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तामासिवनी में ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सुरुचिका बहन ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा कराई। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार की खुशहाली और समाज के भविष्य को भी प्रभावित करता है। युवाओं में आत्मबल, सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कार विकसित कर उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ नमो सेवा गाथा कार्यक्रम

कूंरा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'नमो सेवा गाथा' के उपलक्ष्य में रायपुर ग्रामीण जिले की धरसींवां विधानसभा के चारों मंडलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम परसतराई स्थित दाऊ पोषण लाल हायर सेकेंडरी स्कूल से हुआ। इसके पश्चात धरसींवां सेवा सदन सहित विधानसभा के चारों मंडलों में 'नमो सेवा गाथा' के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धरसींवां विधायक अनुज शर्मा, जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, पिछड़ा वर्ग आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांती वर्मा, अशोक सिन्हा, प्रदेश महामंत्री, भाजपा ओबीसी मोर्चा, छत्तीसगढ़, जनपद पंचायत अध्यक्ष ढिलेंद्र सेन एवं श्रीमती शकुंतला ढिलेंद्र सेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन रायपुर ग्रामीण जिले के जिला संयोजक श्री अशोक सिन्हा के समन्वय एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। श्री अशोक सिन्हा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और जनकल्याण की भावना पहुंचाने का संकल्प है।

विधायक के प्रयासों से अभनपुर की बदलेगी तस्वीर, भेजे गए नए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

अभनपुर नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए विधायक



इंद्रकुमार साहू के प्रयासों से विभिन्न विकास कार्यों के स्थल परिवर्तन एवं नए कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं।

इन प्रस्तावों के तहत नगर में कुल 135.89 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। प्रस्ताव के अनुसार 16.98 लाख रुपए के दो स्वीकृत कार्यों के स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें वार्ड क्रमांक 13 में सीसी रोड निर्माण के स्थान पर वार्ड क्रमांक 11 में एनएच-30 तिराहा के पास यात्री प्रतीक्षालय निर्माण तथा दूसरे कार्य के स्थान पर वार्ड क्रमांक 13 में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु रोड एवं पेवर ब्लॉक निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इसी क्रम में नगर पालिका क्षेत्र में 118.91 लाख रुपए के दो नए विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति देने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है। इनमें वार्ड क्रमांक 4 में खेल मैदान का उन्नयन एवं विकास कार्य के लिए 109.18 लाख रुपए तथा वार्ड क्रमांक 1 में सामुदायिक भवन में अहाता निर्माण के लिए 9.73 लाख रुपए प्रस्तावित हैं। प्रस्तावों को स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में सड़क, यात्री सुविधा, खेल एवं सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को गति मिलने की संभावना है।

विचार-गोष्ठी में महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांत पर विचार रखे

गांधी-शास्त्री की जयंती मनाई व किया रघुपति राघव का गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के निर्देशानुसार आरंग स्थित राजीव गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती असीम उत्साह, श्रद्धा और गरिमापूर्ण माहौल में मनाई गई। पूरे देश के साथ-साथ आरंग ब्लॉक में भी इस दिन को 'विश्व अहिंसा दिवस' के रूप में धूमधाम से आयोजित किया गया। प्रातःकाल से ही राजीव गांधी भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों का भारी जमावड़ा देखने को मिला। प्रार्थना सभा में बापू के प्रिय भजनों 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन तो तेणे कहिये' का गायन कर सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। प्रार्थना सभा के उपरांत परिसर में एकत्र सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा आमजनों को 'धार्मिक सहिष्णुता और



राष्ट्रीय एकता' की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान उपस्थित जनसमूह ने देश में शांति, भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का सामूहिक संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बापू ने अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत को स्वतंत्रता दिलाई। वहीं दूसरी ओर, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन, दृढ़ नेतृत्व क्षमता और उनके द्वारा दिए गए ऐतिहासिक नारे 'जय जवान, जय किसान' को याद करते हुए वक्ताओं ने देश की खाद्य सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग ग्रामीण अध्यक्ष कोमल सिंह साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग शहर खिलावन निषाद, नेता प्रतिपक्ष शरद जीतू गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भारत लोधी, पुरुषोत्तम धीवर, पोषण साहू, पार्षद समीर गौरी, पूर्व पार्षद दीपक चंद्राकर, राजेश्वरी साहू, भीम जलछतरी, तुलसी पटेल, देवेंद्र धृतलहरें, डोमन ध्रुव, नंदकुमार साहू, मुकेश लोधी, गणेश बंदे, प्रेमलाल ढीढी, लेस कुमार साहू, महेंद्र यादव, शुभम देवांगन, सुनीलकुमार साहू, इंद्रकुमार साहू, राजू साहू, रमेश चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

गांधी जयंती पर गौरव पथ की सफाई अभियान

आरंग। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर नगर के स्वयंसेवी संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने स्वच्छता का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। फाउंडेशन के सदस्यों ने गायत्री मंदिर से इंदिरा चौक तक करीब एक किलोमीटर लंबे गौरव पथ के डिवाइडर की सफाई कर उसे कचरा मुक्त किया। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि गौरव पथ नगर का गौरव है, लेकिन विभिन्न आयोजनों के दौरान और आम दिनों में भी लोग डिवाइडर में लगे पौधों के बीच प्लास्टिक कचरा, पॉलिथीन और शराब की बोतलें फेंक देते हैं। इस मौके पर संस्था के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि स्वच्छता सिर्फ पखवाड़े या जयंती तक सीमित न रहे। स्वच्छता अभियान में दुजेराम धीवर, महेन्द्र कुमार पटेल, कोमल लाखोटी, संजय मेश्राम, रमेश देवांगन, यादेव देवांगन, कियांश देवांगन, नीरज साहू, हरीश दीवान, ब्रजेश अग्रवाल, राहुल पटेल, भागवत जलक्षत्री, समाजसेवी पुष्पांजलि महंती सहित शिक्षादान केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



महानदी किनारे मिले दो शव अभी तक शिनाख्त नहीं

आरंग। आरंग के चिखली गांव में महानदी किनारे दो शव मिले हैं। दोनों शव नदी के तेज बहाव में बहकर किनारे की झाड़ियों में फंसे हुए थे। ग्रामीणों ने नदी किनारे शव देखे तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। दोनों शव काफी गल चुके हैं। ऐसे में उनकी पहचान करने में परेशानी हो रही है। फिलहाल, पुलिस महानदी से लगे जिलों और हाल में बाढ़ प्रभावित इलाकों के थानों से संपर्क कर रही है। वहां दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों की जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि शवों की पहचान हो सके। मामला आरंग थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, बरामद दो शवों में से एक महिला का है। दूसरे शव की पहचान नहीं हो पाई है। दोनों शव काफी गल चुके हैं, जिससे शिनाख्त में दिक्कत आ रही है। पुलिस आसपास के जिलों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों से जानकारी का मिलान कर रही है। हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण महानदी का जलस्तर बढ़ गया था। नदी किनारे के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी थी। पुलिस को आशंका है कि दोनों शव नदी किनारे दफन किए गए होंगे और बाढ़ के तेज बहाव में बहकर चिखली तक पहुंचे। पुलिस इस संभावना की भी जांच कर रही है कि दोनों लोग बाढ़ के पानी में बह गए हों और डूबने से उनकी मौत हुई हो। वहीं हत्या के बाद शव नदी में बहाए जाने की आशंका को भी जांच के दायरे में रखा गया है। सीएसपी लंबोदर पटेल ने बताया कि पहली नजर में शव नदी के बहाव में बहकर आने की आशंका है। हालांकि, पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। महानदी से लगे दूसरे जिलों के थानों से संपर्क कर लापता लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह पता चलेगी। फिलहाल पुलिस शवों की पहचान करने और मामले से जुड़ी जानकारी जुटाने में लगी है।



● मैट्स यूनिवर्सिटी में 'चरखा' फैशन शो, छह राउंड में प्रस्तुत किए रचनात्मक परिधान

खादी के परिधानों में दिखी भारतीय संस्कृति

नाइजीरियाई छात्रों ने भगवा वस्त्रों में किया रैंप वॉक

गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर की ओर से 3 अक्टूबर को खादी फैशन शो 'चरखा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय वस्त्र विरासत को सम्मान देना और युवा डिजाइनरों में स्वदेशी कपड़ों के प्रति रुचि बढ़ाना रहा।







रायपुर। फैशन शो में छात्रों ने खादी और हैंडलूम से तैयार परिधानों को आधुनिक डिजाइनों के साथ प्रस्तुत किया। वहीं, विश्वविद्यालय के नाइजीरियाई छात्रों ने भगवा रंग के खादी परिधान पहनकर रैंप वॉक किया, जिसमें भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल, वाइस चांसलर, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति डॉ. के.पी. यादव, प्रो-कुलपति डॉ. दीपिका ढांड, रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा, विभागाध्यक्ष परविंदर कौर सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

छह राउंड में दिखी खादी की विविधता

फैशन शो में इंडियन स्टाइल, वेस्टर्न स्टाइल, इंडो-वेस्टर्न स्टाइल, खादी फॉर ऑफिस वियर, एम्ब्रॉयडरी ड्रेसेस और ट्रेडिशनल स्टाइल सिल्वेट सहित छह राउंड प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने हैंडलूम से तैयार पारंपरिक खादी कपड़ों को आधुनिक डिजाइन और शैली के साथ पेश किया। रैंप पर खादी के रंग, टेक्सचर और सादगी के साथ आधुनिक फैशन का मेल देखने को मिला।



नाइजीरियाई छात्रों की प्रस्तुति रही आकर्षण

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के नाइजीरियाई छात्र-छात्राओं ने विश्व प्रसिद्ध कुंभ मेले की थीम पर तैयार खादी परिधान पहनकर रैंप वॉक किया। भगवा रंग के परिधानों में उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। विदेशी छात्रों द्वारा भारतीय संस्कृति और खादी को अपने परिधानों के माध्यम से प्रस्तुत करने की पहल को भी सराहा गया। मुख्य अतिथि ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को आत्मनिर्भर भारत और सतत फैशन की दिशा में प्रेरित करते हैं। कुलाधिपति गजराज पगारिया ने छात्रों को निरंतर परिश्रम और सृजनशीलता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजन में विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

समाज इवेंट

भारतीय संस्कृति परीक्षा में छलका युवा उत्साह



रायपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित की जाने वाली प्रतिष्ठित 'भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा' 3 अक्टूबर, शनिवार को आयोजित की गई। इस बौद्धिक एवं संस्कार आधारित परीक्षा में रायपुर जिले से लगभग 25,000 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें अकेले राजधानी के शासकीय जेआर दानी कन्या विद्यालय की लगभग 1,000 छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ सहभागिता की। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य आज की आधुनिक पीढ़ी को गौरवशाली भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है।

इस परीक्षा के माध्यम से बच्चों में अनुशासित जीवनशैली, बड़ों के प्रति आदर, सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी भावना विकसित होती है। इसके दूरगामी फायदों में विद्यार्थियों के भीतर राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होने के साथ जल, ऊर्जा और पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषयों के प्रति संवेदनशीलता पैदा होती है, जो कि किताबी शिक्षा के साथ उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती है।

डिजिटल अकाउंटिंग टूल का ज्ञान शिक्षा व्यवसायिक क्षेत्र में भी बढ़ाता है आत्मविश्वास

रायपुर। शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्वशासी कॉलेज कालीबाड़ी चौक के वाणिज्य विभाग द्वारा सात दिवसीय टेली प्रशिक्षण, शेफाली बिजनेस सॉल्यूशन द्वारा कार्यशाला का सफल समापन शनिवार को किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं को लेखांकन की आधुनिक तकनीक एवं टेली के व्यावहारिक ज्ञान से परिचित कराया तथा उन्हें रोजगारोन्मुख कौशल भी प्रदान किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ जया तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए व्यवहारिक एवं तकनीकी दक्षता भी जरूरी है। इसमें वाणिज्य विभाग की एचओडी डॉ. रितु मारवाह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टेली जैसे डिजिटल अकाउंटिंग टूल का ज्ञान विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यवसायिक क्षेत्र में भी आत्मविश्वास प्रदान करता है।



छात्राओं ने विकसित किया डिजिटल टूल्स

प्रशिक्षण में 200 छात्राओं ने भाग लिया और व्यवहारिक सत्रों से अपने अकाउंटिंग एवं डिजिटल कौशल को विकसित किया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी एवं ज्ञान वर्धक बताते हुए भविष्य में इस प्रकार के कौशल विकास का आयोजन करने की आवश्यकता व्यक्त की। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन डॉ. कीर्ति श्रीवास ने किया। अंत में डॉ. मुक्ता मल्होत्रा ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षक, कॉलेज प्रशासन एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसे सफल बनाने में डॉ. नेहा दुबे, वैदेही मिश्रा, वृंदावती नायक एवं मुस्कान श्रीवास्तव न संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जीएसटी, इन्वेंट्री प्रबंधन बिलिंग पर जोर

शेफाली बिजनेस के सीईओ उमेश रहेजा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि टेली जैसे रोजगारोन्मुखी आयोजन का महत्व भी समझाया। टेली कम्पनी के छत्तीसगढ़ हेड प्रमोद वीर भद्रबसगुंडे ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार के बदलते अवसरों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान दीपा ठाकुर (कार्यक्रम प्रबंधक), हिमांशु रजक (ट्रेनर), वेद प्रकाश तिवारी ने प्रतिभागियों को टेली के माध्यम से कंपनी निर्माण, लेजर एवं वाउचर निर्माण, बैंकिंग लेन-देन, जीएसटी, इन्वेंट्री प्रबंधन, बिलिंग तथा विभिन्न प्रकार की लेखांकन रिपोर्ट तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया।

शादियों में होने वाले फिजूल खर्च पर रोक लगाने का निर्णय



रायपुर। पंडरी राज देवांगन समाज ने चुनावी बैठक मधु पिल्ले स्कूल प्रांगण में किया। जहां देवांगन समाज ने इष्ट देवी माता परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ सामाजिक बैठक शुरू किया। इसमें पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष पंचराम देवांगन ने विगत वर्ष के आय और व्यय का ब्यौरा देते हुए अपने कार्यकाल के समापन का एलान किया। इस घोषणा के बाद आगामी तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए चुनाव की प्रक्रिया आरंभ की। इसमें उपस्थित समूह में रमेश देवांगन ने विजय आनंद देवांगन का नाम अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित किया। इसे उपस्थित समाज के लोगों ने एक स्वर में सर्व सम्मति से समर्थन किया। पंडरी राज देवांगन समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय आनंद देवांगन को चुना गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज में आज शादी ब्याह में दिखावे के तौर पर फिजूल खर्च किया जा रहा है।

परिवार और कुटुंब को भोज करवाने का लिया निर्णय

समाज के बीच संवाद करते हुए उसे रोकने की बात कही। इसके साथ ही दशगात्र एवं तेरही में किया जाने वाला दिखावा न करते हुए अपने परिवार और कुटुंब को ही भोज कराने का निर्णय लिया। इसे सर्व सम्मति से समाज के बीच पारित किया गया। समाज के इस बैठक में सर्व सम्मति से आगामी 14 फरवरी 2027 को, इस वर्ष भी बसंत पंचमी पर्व पर मां परमेश्वरी पूजा महोत्सव का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख सदस्य पंचराम देवांगन, जागेश्वर देवांगन, राजा राम देवांगन, शत्रुहन, रमेश देवांगन, अनक राम देवांगन, संतोष देवांगन, विकास देवांगन, शिवलाल देवांगन, डॉ. नूतन देवांगन, लक्ष्मी प्रसाद देवांगन सहित समाज के लोगों की सहभागिता रही।

समाज इवेंट

भारत माता चौक पर गूंजा आरपीएफ बैंड, देशभक्ति की धुनों पर झूमे राहगीर



रायपुर। रेलवे सुरक्षा बल के 42वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रायपुर में 1 से 8 अक्टूबर तक विभिन्न प्रमुख स्थानों पर बैंड प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को भारत माता चौक पर आरपीएफ के ब्रास एवं पाइप बैंड ने संगीतमय प्रस्तुति दी। शाम 4:30 से 5:30 बजे तक चली प्रस्तुति में बैंड ने लोकप्रिय और देशभक्ति गीतों की धुनें प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का राहगीरों और उपस्थित नागरिकों ने उत्साह के साथ आनंद लिया। आरपीएफ की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इन बैंड प्रस्तुतियों का उद्देश्य बल की कार्यकुशलता, अनुशासन और सांस्कृतिक गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाना है। इसके साथ ही इन आयोजनों के माध्यम से आरपीएफ और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

विवेकानंद सरोवर में आज होगी प्रस्तुति

इसी श्रृंखला में 4 अक्टूबर को विवेकानंद सरोवर (बूढ़ा तालाब), रायपुर में आरपीएफ के ब्रास एवं पाइप बैंड की प्रस्तुति होगी। शाम 4:30 से 5:30 बजे तक होने वाले कार्यक्रम में नागरिकों को बैंड की संगीतमय प्रस्तुति सुनने का अवसर मिलेगा।

कार्नर न्यूज

विश्व पशु कल्याण दिवस पर विशेष : आपसी तालमेल से जुटा रहे संसाधन और दे रहे है दाना-पानी

बेजुबानों का इलाज कराने संस्थाएं चला रहीं मुहिम खुद के प्रयास से बचा रहे जीवन और बन रहे सहारा

रायपुर। देश-दुनिया में हर साल 4 अक्टूबर को पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य पशुओं के अधिकारों और उनके संरक्षण और कल्याण के प्रति लोगों में सजगता बढ़ाना है। शहर में युवाओं की कई ऐसी संस्थाएं हैं, जो बेजुबानों का इलाज करवाने के लिए मुहिम चलाते हुए पशु-पक्षियों का जीवन बचाने के साथ ही उनका सहारा बन रहे हैं। युवाओं की पहल से बेजुबानों का संरक्षण संत, सेंट फ्रांसिस ऑफ असीसी की याद में किया जा रहा है। हर साल की तरह बढ़ते कदम द्वारा दाना सकोरा और कोटना का निःशुल्क वितरण 12 महीने किया जाता है। संस्था ने मानव सेवा के साथ बेजुबान पक्षियों और पशुओं की सेवा के लिए भी प्रयास शुरू किया है। प्रोजेक्ट प्रभारी प्रेमप्रकाश मध्यानी एवं अजय वलेचा ने इस संदर्भ में बताया कि इस साल संस्था द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों पर स्टाल लगाकर दाना, सकोरा और कोटना का वितरण किया जाता है। इसमें लोगों से आग्रह किया जाता है बेजुबान पशु- पक्षियों की सेवा करने का भाव रखेंगे तो संस्था का प्रयास जनभागीदारी से सफल होगा। इसके लिए देवेन्द्र नगर स्थित कार्यालय मुक्तिधाम में लोग दाना, सकोरा और कोटना निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। इस आग्रह के साथ लोगों की भागीदारी सेवा के क्षेत्र में सुनिश्चित करने का प्रयास जारी है। इसमें संस्था से जुड़े हर वर्ग के लोग सहयोग देते है। कई सामाजिक सरोकार से जुड़े दानदाताओं के सहयोग से पशु-पक्षियों को हर महीने उपचार की प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास भी किया जाता है।



बेजुबानों के इलाज का भी निभा रहे हैं दायित्व

इस क्रम में वाटिका एनिमल्स सेंचुअरी की संस्थापिका कस्तुरी बल्लाल और उनकी टीम ने चनखुरी में जहां सड़क हादसों में घायल होने वाले स्ट्रीट डॉग्स, पशु-पक्षियों के इलाज का दायित्व निभा रही हैं। वहीं, संस्था से जुड़े मेंबर्स के सहयोग से हर साल हजार से भी ज्यादा सकोरा और कोटना का वितरण करने की जानकारी उन्होंने दी। बताया कि हादसों में घायल होने वाले बेजुबानों के इलाज का खर्च संस्था के सदस्य आपसी सामंजस्य से वहन करते हैं। हर महीने 200 से ज्यादा बेजुबानों के इलाज का दायित्व निभाने के साथ उन्हें जिस स्थान से रेसक्यू करके लाया जाता है, उसी स्थान पर छोड़ने की पहल भी करते हैं, ताकि वह उसी माहौल में रहते हुए अपनी जीवन जी सकें।

पक्षियों का जीवन बचाने पहुंचा रहे दाना-पानी

संस्था के सुनील छतवानी एवं सुनील पेशवानी ने बताया कि विगत 17 वर्षों में लगभग 90,000 सकोरे एवं दाने के पैकेट व 11, 000 कोटना का वितरण अभी तक किया गया है। इसे उपलब्ध करवाने के साथ लोगों से अपने घर की छत, मुंडेर, आंगन एवं ऑफिस और दुकान में प्रतिदिन पक्षियों को राहत पहुंचाने के लिए दाना, पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके लिए जीव प्रेमी कार्यालय से संपर्क भी करते हैं। अभी भी अधिक से अधिक कॉलोनियों और बस्तियों में रहने वाले लोगों को सेवा से जोड़ने का संकल्प लेने के साथ ही सरोकार बढ़ाने का प्रयास जारी है।

खबर संक्षेप



गांधी जयंती पर लायंस क्लब नमन ने चलाया अभियान

रायपुर। गांधी जयंती के अवसर पर लायंस क्लब रायपुर नमन की अध्यक्ष मधु यादव की अगवाई में बजाज कॉलोनी, सेक्टर 2 न्यू राजेंद्र नगर की महिलाओं ने अंबेडकर बालोद्यान में अभियान के तहत पूरे गार्डन की सफाई की। इसके बाद कॉलोनीवासी रमेश अरोरा, डॉ. बिरला, उमेद सिंह, पवन एवं नन्हे-मुन्नों ने श्रमदान कर पेड़-पौधों की छंटाई के बाद सूखी पत्तियों को उठाकर कंपोस्ट खाद बनाने के लिए गड्ढे में डाला। इस मौके पर छग प्रगतिशील यादव महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री पं. लालबहादुर शास्त्री की सादगी, उनके लोकप्रिय नारे जय जवान जय किसान और राष्ट्र के विकास आदि योगदान पर चर्चा कर उनके जन्मदिन पर नारियल-मिश्री का प्रसाद बांटा। इस सफाई अभियान में विमला सिंह, छाया बिहाने, कुसुम हबलानी, रूबी बाजपेयी, पिंकी जैन, वर्षा कलवानी, चेतना बिरला, जिन्सा सोनी, अरुणा चौधरी आदि उपस्थित रहीं।

थाने में तोड़फोड़ मामला अग्रिम जमानत खारिज

रायपुर। गुढ़ियारी थाना में तोड़फोड़ करने के मामले में एक आरोपी की सेशन कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। थाने में तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा के खिलाफ तोड़फोड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया था। घटना में शामिल प्रकाश यादव ने सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन पेश किया था। अभियोजन तथा बचाव पक्ष के तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने प्रकाश का जमानत आवेदन खारिज कर दिया।

अखबार एजेंट्स-वितरकों ने मृत साथी को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। एक दैनिक समाचार पत्र के पीएसएम विभाग में सीनियर ऑफिसर के पद पर कार्यरत विकास मिश्रा की 1 अक्टूबर 2026 को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतक साथी के स्मृति में अखबार एजेंट्स एवं वितरकों द्वारा खन्ना न्यूज एजेंसी के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थितजनों ने अपने साथी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनकी आत्मा की शांति के लिए सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में सभी समाचार समूह के एजेंट्स, वितरक एवं प्रतिनिधि शामिल हुए।

मोबाइल छीनकर भाग रहे शातिर को धर-दबोचा

रायपुर। रेलवे स्टेशन क्षेत्र में युवती से मोबाइल झपटकर भाग रहे एक आरोपी को यातायात पुलिस के जवानों ने पीछा कर पकड़ लिया। भीड़भाड़ वाले इलाके में जवानों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी की घेराबंदी की और उसके कब्जे से युवती का मोबाइल बरामद कर लिया। आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गंज थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया।

भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर पहुंचे, आज लेंगे प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ भाजपा के नए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शनिवार की रात को सड़क मार्ग के पूर्व संगठन महामंत्री और झारखंड के नए संगठन महामंत्री पवन साय के साथ रायपुर पहुंचे। रविवार को सुबह से लेकर दोपहर तक प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों के साथ सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा करेंगे।

इस बैठक में सेवा संकल्प अभियान की टोली के सभी सदस्य, प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक, संभाग और जिलों के प्रभारी और सह प्रभारी रहेंगे। बैठक के बाद कर्मवीर सिंह शाम को वापस रांची लौट जाएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देश के कई राज्यों के संगठन महामंत्री बदले हैं। छत्तीसगढ़ का संगठन महामंत्री झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को बनाया गया है। इसी तरह से छत्तीसगढ़ के संगठन महामंत्री पवन साय को झारखंड का जिम्मा दिया गया है।

पवन साय दिल्ली में बैठक के बाद वहां से देवघर गए और मंदिर में दर्शन के बाद रांची पहुंचे और वहां पर अपना पदभार संभाला। उनका पूर्व संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से झारखंड के पदाधिकारियों से परिचय कराया। अब पवन साय के साथ ही सड़क मार्ग से कर्मवीर सिंह रविवार की रात को रायपुर पहुंचे हैं।

परिचय के साथ बैठक भी

नए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रविवार को 11 बजे से प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसमें सबसे पहले सभी के साथ परिचय होगा। इसके बाद सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा होगी। इसमें सेवा संकल्प अभियान के प्रदेश संयोजक यशवंत जैन नए संगठन महामंत्री को सेवा संकल्प अभियान में क्या-क्या चल रहा है, इसकी पूरी जानकारी देंगे। बैठक में सभी जिलों के सेवा संकल्प अभियान के संयोजक और उनकी टोली भी रहेगी। ये भी अपने-अपने जिलों की पूरी जानकारी देंगे। बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल जिनको अब महाराष्ट्र का प्रदेश संगठन महामंत्री बनाया गया है, वे भी रहेंगे।

सेवा संकल्प अभियान की करेंगे समीक्षा



रायपुर और जशपुर में स्वागत

कर्मवीर सिंह का सबसे पहले छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने पर जशपुर में स्वागत किया गया। सरना रिसोर्ट में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने जिला भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ झारखंड प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय भी मौजूद रहे। इसी दौरान वडनगर, गुजरात से बनारस के लिए निकली युवा मोर्चा की सेवा ज्योति रथ यात्रा के यात्रियों से भी श्री सिंह एवं श्री साय ने परिचय प्राप्त किया। दोनों ने रथ यात्रियों को संबोधित करते हुए उनके अभियान से जुड़े विषयों पर संवाद किया। रात को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचने पर भी कर्मवीर का स्वागत किया गया।

सेवा संकल्प शिविर में सफाई-पानी व स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायतें



रायपुर। नगर निगम जोन-4 के सात वार्डों के जनसमस्या निवारण के लिए शनिवार को मोतीबाग चौक स्थित जोन कार्यालय में सेवा संकल्प शिविर लगाया गया। जहां वार्डवासियों ने पेयजल, सफाई और स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर शिकायतें कीं। स्वामी विवेकानंद-सदरबाजार वार्ड के कमासीपारा और सत्तीबाजार क्षेत्र में पेयजल समस्या लेकर लोग आवेदन के साथ पहुंचे। वहीं सिविल लाइंस इलाके में सार्वजनिक बोरवेल के बिजली कनेक्शन काटने से हो रही परेशानी भी सामने आई। रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, सेवा संकल्प शिविर में जोन-4 के अधिकारियों के साथ मौजूद रहे।

जोन-4 कार्यालय में सेवा संकल्प शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में नागरिकों ने पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई की समस्या के निराकरण की गुहार लगाई। शिविर में 4 भवन अनुज्ञा पत्र, 6 आवेदकों को स्थल पर नए राशनकार्ड बनाकर दिए गए। इसी तरह नामांतरण संबंधी आवेदन में आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित 8 आवेदकों को नामांतरण पत्र दिए गए। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने जोन-4 के अधिकारियों को वार्डवासी नागरिकों के आवेदन पर उन्हें शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रता अनुसार लाभान्वित किए जाने सुनिश्चित करने निर्देश दिए। जोन स्तरीय शिविर में जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, ब्राह्मणपारा वार्ड के पार्षद अजय साहू, नगर निगम जोन-4 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

सिंधु भवन में सेवा सेतु शिविर आज

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर निगम जोन-3 क्षेत्र के शंकरनगर सिंधु भवन में 4 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सेवा सेतु संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जोन 2, 3, 4 क्षेत्र के 15 वार्डों के रहवासी नागरिकों की समस्या, मांग और लंबित कार्य निपटाए जाएंगे।

मेनन के नेतृत्व में शास्त्री बाजार, गोलबाजार-मालवीय रोड में जनसंपर्क

कंधे पर सिलेंडर लटकाकर निकले कांग्रेसी, महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बढ़ती महंगाई और यूपीआई भुगतान पर एमडीआर शुल्क लगाए जाने के विरोध में शहर जिला कांग्रेस ने रायपुर के प्रमुख बाजारों में जनसंपर्क किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने शास्त्री बाजार के फल-सब्जी बाजार, गोलबाजार और मालवीय रोड क्षेत्र में दुकानदारों, फुटकर व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, दाल, प्याज, शक्कर, चावल, खाद्य तेल और घरेलू गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से आम परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ा है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि यूपीआई भुगतान पर एमडीआर शुल्क के नाम पर अतिरिक्त भार छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। हालांकि, एमडीआर संबंधी कांग्रेस के दावे के संदर्भ में शुल्क की वास्तविक व्यवस्था और लागू होने की स्थिति अलग-अलग भुगतान माध्यमों एवं लेनदेन पर निर्भर करती है। मोतीबाग चौक से शुरू हुए जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता एवरग्रीन चौक, शास्त्री बाजार, गोलबाजार और मालवीय रोड पहुंचे। इस दौरान महंगाई के विरोध में नारेबाजी की गई। कांग्रेस नेताओं ने गैस सिलेंडर को बांस-बल्ली के सहारे कंधे पर लटकाकर पदयात्रा भी की और कीमतों में वृद्धि वापस लेने की मांग की।

गैस सिलेंडर को बांस-बल्ली के सहारे कंधे पर लटकाकर की पदयात्रा



महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाएं

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों को महंगाई के लिए जिम्मेदार बताते हुए कहा, त्योहारों से पहले आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम लोगों की परेशानी बढ़ी है। उन्होंने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने और आम लोगों को राहत देने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जीएसटी संग्रह बढ़ने के बावजूद आम लोगों को पर्याप्त राहत नहीं दे रही है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से महंगाई कम करने तथा यूपीआई से संबंधित शुल्क वापस लेने की मांग की।

ये हुए शामिल

कार्यक्रम में श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, कुलदीप जुनेजा, देवेंद्र यादव, सुनील बाजारी, उत्तम साहू, सचिन अग्रवाल, डॉ. अनुराम साहू, दीपक चौबे, ओम श्रीवास, सुरेश धीवर, मिलिंद गौतम, विनोद सिंह ठाकुर, हिरेंद्र देवांगन, सौरभ तिवारी, विजय टंडन, नंदू सिन्हा, सुधा सरोज, किशन बाजारी, कमल धितलहरे, मुन्ना मिश्रा, ईश्वर चक्रधारी, महेंद्र सेन, श्रीनाथ भोगल, लक्ष्मण सेन, जीवन सागर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

केदार गुप्ता ने असम में सहकारी गतिविधियों और सहकार से समृद्धि का किया अध्ययन



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने असम स्टेट में संचालित सहकारी गतिविधियों व सहकार से समृद्धि की जानकारी ली। श्री गुप्ता ने मात्र 14 माह के कार्यकाल में देश के राज्य सहकारी बैंकों महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक, राजस्थान को-ऑपरेटिव बैंक, गुजरात स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक, उत्तराखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक, अरुणाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक तथा असम राज्य सहकारी बैंक का दौरा कर भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय के पहल पर आधारित सहकार से समृद्धि का क्रियान्वयन का अध्ययन किए। साथ ही पैक्स सोसाइटियों व को-ऑपरेटिव बैंकों के माध्यम से संचालित कृषक कल्याण व हितग्राहीमूलक योजनाओं व नीतियों के बारे में जानकारी ली।

श्री गुप्ता द्वारा असम स्टेट कोऑपरेटिव बैंक शाखा डिब्रूगढ़ में बैंक शाखा का विजिट कर बैंकिंग कार्यप्रणाली अंतर्गत कृषि ऋण वितरण एवं किसानों के लिए असम राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। श्री गुप्ता द्वारा असम स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंध संचालक एवं उच्च अधिकारियों को छत्तीसगढ़ राज्य में आने का निमंत्रण दिया गया। असम में बैठक के दौरान श्री गुप्ता द्वारा छत्तीसगढ़ में किसानों की समृद्धि के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख कर जानकारी दी। उन्होंने बताया, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों को कृषि कार्य हेतु शुन्य प्रतिशत ब्याजदर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही प्रदेश में पैक्स के माध्यम से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के किसानों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज महासभा चुनाव, सोलंकी ने भरा नामांकन

वर्ष 2027-29 के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज महासभा के वर्ष 2027–29 के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के अंतर्गत विनोदभाई पुरुषोत्तमभाई सोलंकी ने माधापर (कच्छ), गुजरात द्वारा सेवा समिति भवन, रायपुर में निर्वाचन अधिकारी सूर्यकांत भाई राठौड़ के समक्ष अपना नामांकन पत्र विधिवत प्रस्तुत किया गया। नामांकन के अवसर पर समाजजनों में विशेष उत्साह एवं संगठनात्मक एकजुटता देखने को मिली।

इस अवसर पर कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों के साथ ही छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, कुम्हारी, दुर्ग, राजनांदगांव, कोरबा एवं जगदलपुर घटक सहित विभिन्न घटकों के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला मंडल के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ विभिन्न घटकों के महिला मंडल पदाधिकारियों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती, आपसी समन्वय तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिल-जुलकर कार्य करने की भावना व्यक्त की। कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज, रायपुर घटक के प्रमुख हेमंत गोहिल ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों सहित समाजजन रहे उपस्थित



कत्लखाने ले जाते 12 भैंसें मृत मिलीं, दो गिरफ्तार, दो फरार

4 के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बगैर चारा-पानी के कत्लखाने ले जाते 12 भैंसों की मौत हो गई। मंदिर हसौद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना के बाद दो आरोपी फरार हैं, जिनकी पतासाजी कर पुलिस जल्द ही गिरफ्तार करने की बात कह रही है। उमरिया धान मंडी के पास खड़े ट्रक से मृत भैंसें मिलीं।

हरि साहू की शिकायत पर पुलिस ने नईम अहमद कुरैशी, दानिश कुरैशी, वीरू धृतलहरे और पप्पू उर्फ मनोज बघेल के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वीरू और मनोज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि ट्रक में क्षमता से अधिक संख्या में भैंसों को ठूंस-ठूंसकर बिना पर्याप्त हवा, पानी और चारे का परिवहन किया जा रहा था। वाहन को अलीगढ़, उत्तरप्रदेश स्थित कत्लखाने ले जाने की बात सामने आई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे लोगों को देखकर वाहन चालक और उसके साथी ट्रक छोड़ भाग गए।



दोपहिया से कर रहे थे पायलेटिंग

आरोपी मवेशी से भरे ट्रक को सुरक्षित निकालने एक्टिवा से पायलेटिंग कर रहे थे। ट्रक नईम कुरैशी चला रहा था। दानिश दोपहिया से ट्रक को सुरक्षित बाहर निकालने पायलेटिंग करते हुए ट्रक के आगे चल रहा था। इस पूरे प्रकरण में पुलिस का कहना है कि मृत भैंसों को कहां से लाया गया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। वाहन में मवेशियों को किसने लोड कराया था और किसके कहने पर अलीगढ़ ले जाने की योजना बनाई गई थी। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

नाली में संदिग्ध हालत में मिली युवक की लाश, पड़ताल जारी

इलाज कराने ले जाते गाड़ी से उतर भागा था युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र के अनुपम नगर में शनिवार को एक युवक की संदिग्ध हालत में लाश मिली। बताया जा रहा है, उसके दोनों हाथ पीछे तरफ बंधे हुए थे। जहां लाश मिली, वहां स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण फोरेंसिक एक्सपर्ट तथा पुलिस की टीम को टार्च की रोशनी में जांच करनी पड़ी। मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंचने के कारण लाश को मिनीडोर से मरच्यूरी तक पहुंचाया गया।

मृतक की शिनाख्त बलौदाबाजार निवासी रामगोपाल बांधे (25) के रूप में हुई है। उसकी पिछले महीने खम्हारडीह थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। उसके भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका भाई पाण्डेय सिक्योरिटी में कार्यरत था। बीमार होने पर उसे उसका भाई 27 अगस्त को इलाज कराने अस्पताल ले जा रहा था। अस्पताल ले जाने के दौरान रामगोपाल श्रीरामनगर के पास गाड़ी से उतरकर कहीं चला गया। जहां लाश मिली है, उस नाली में लाश बहकर आना संभव नहीं है। युवक की मौत बीमारी से हुई है या किसी अन्य कारणों से, पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद इसकी पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मर्ग कायम कर युवक के मौत के कारणों का पता लगाने की बात कह रही है।

जेब में मिले आधारकार्ड से हुई मृतक की पहचान



आरक्षण केंद्र से बैग गुम, ट्रैफिक जवानों ने लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन के पास यातायात पुलिस के जवानों को ड्यूटी के दौरान सड़क किनारे मिले एक लावारिस बैग की जांच करने पर उसमें महत्वपूर्ण मूल दस्तावेज, चेक और अन्य जरूरी सामग्री मिली। तब उन्होंने बैग के अंदर मिले चेक पर दर्ज मोबाइल नंबर की मदद से उसके वास्तविक मालिक का पता लगाया। पहचान और दस्तावेजों की पड़ताल करने के बाद पूरा सामान सुरक्षित वापस सौंप दिया गया।

रायपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर-2 के पास यातायात थाना फाफाडीह के आरक्षक कृत साहू और धनेश्वर निर्मलकर ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान उनकी नजर सड़क किनारे पड़े एक लावारिस बैग पर पड़ी। जवानों ने आसपास मौजूद लोगों से बैग के संबंध में जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन तत्काल उसके मालिक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद जवानों ने बैग सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर उसकी जांच की। पुलिस के मुताबिक, बैग खोलने पर उसके अंदर कई आवश्यक मूल दस्तावेज, चेक और अन्य जरूरी सामग्री मिली। महत्वपूर्ण दस्तावेज होने के कारण जवानों ने बैग के वास्तविक मालिक तक पहुंचने का प्रयास शुरू किया।



सुरक्षित मिले दस्तावेज

इसी दौरान बैग के अंदर मिले एक चेक पर मोबाइल नंबर दर्ज दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों ने उस नंबर पर संपर्क किया। बातचीत के दौरान पता चला कि बैग बिहार निवासी रविशंकर का है। रविशंकर ने पुलिस को बताया कि रायपुर रेलवे स्टेशन के रेलवे आरक्षण केंद्र से उनका बैग गुम हो गया था। काफी तलाश करने के बावजूद बैग नहीं मिलने पर उन्होंने इसकी सूचना जीआरपी थाने में भी दर्ज कराई थी। यातायात पुलिस ने रविशंकर को बैग मिलने की जानकारी दी और पहचान से संबंधित प्रक्रिया पूरी करने के लिए बुलाया। पुलिस ने बैग में मौजूद दस्तावेजों और संबंधित व्यक्ति की पहचान की विधिवत तस्दीक की। सभी जानकारी सही पाए जाने के बाद बैग उसके वास्तविक मालिक को सौंपने की प्रक्रिया पूरी की गई।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हुई बैठक



रायपुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और कम खर्च में भी सड़क सुरक्षा उपायों को अधिक पुख्ता करने हेतु अंतर्विभागीय लीड एजेंसी और रायपुर आरटीओ के द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सड़क सुरक्षा से संबंधित समस्त विभाग परिवहन, पुलिस, स्वास्थ्य ,राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। आईआईटी मद्रास से तकनीकी विशेषज्ञ हेमंत शर्मा ने दुर्घटनाओं से संबंधित सर्वे की विस्तृत जानकारी दी। सड़क दुर्घटना के बाद दुर्घटना स्थल और वाहनों की बारीकी से जानकारी दर्ज करने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उपायों की जानकारी विस्तार से दी गई। उक्त कार्यक्रम में आरटीओ रायपुर आशीष देवांगन, लीड एजेंसी के स्टेट को-ऑर्डिनेटर धीरज टांक, यातायात रायपुर से एसीपी सीमा अहिरवार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. रेशमा केरकेट्टा और सभी विभागों से लगभग 90 कर्मचारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ घरेलू के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों की पहली पसंद

भाजपा बोली- साय के नेतृत्व में प्रदेश उद्योग क्रांति की राह पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास, वैश्विक निवेश और रोजगार सृजन के एक स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर चुका है। राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों, सुगम 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और मजबूत इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ घरेलू के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभर रहा है।

श्री चिमनानी ने बताया, राज्य में औद्योगिक विस्तार को गति देने के लिए अब तक लगभग 8 लाख करोड़ रुपए के निवेश हेतु कुल 280 परियोजनाओं के सहमति पत्र (एमओयू) हस्ताक्षरित किए जा चुके हैं। कुल 280 परियोजनाओं में से 55 प्रतिशत पर परियोजनाओं पर निवेशकों को जमीन देने की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है या तो प्रगति पर है। सभी निवेश प्रस्तावों और परियोजनाओं के पूर्ण रूप से स्थापित होने पर राज्य में 1.6 लाख से अधिक नवीन प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। श्री चिमनानी ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया, औद्योगिक नीति के तहत वर्ष 2023 से 2026 के मध्य राज्य की 6,310 औद्योगिक इकाइयों को कुल 1,594.97 करोड़ रुपए की पूंजीगत एवं ब्याज सब्सिडी वितरित की गई है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश की 3,503 इकाइयों ने स्टाम्प शुल्क और विद्युत शुल्क में मिलने वाली विशेष छूट का सीधा लाभ प्राप्त किया है।



खबर संक्षेप



संतोष बने यादव ठेठवार समाज महासभा के प्रदेशाध्यक्ष

रायपुर। यादव (ठेठवार) समाज महासभा राजिम छत्तीसगढ़ की बागडोर अब प्रदेशाध्यक्ष संतोष यदु, प्रदेश महासचिव समलिया यादव और प्रदेश कोषाध्यक्ष रमन यादव संभालेंगे। यह जानकारी उपाध्यक्ष नवीन यदु ने देते हुए बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर यादव समाजजनों ने यादव ठेठवार समाज को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए उन्हें उच्च पदों पर निर्वाचित कर जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर लगभग 2 हजार की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

अभा गौरक्षा महासंघ का स्थापना दिवस कल

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 5 अक्टूबर को आखिल भारतीय गौरक्षा महासंघ द्वारा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर सम्मान समारोह और संगोष्ठी कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में गोमाता को राष्ट्रमाता बनाने की दिशा में चर्चा और गो-रक्षकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक सुनील सोनी होंगे। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय गौरक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलीम भारती, ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी, डॉ. भार्गव मल्लाप्पा, रविंद्र सिंह, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाज सेवक महुआ मजूमदार आदि उपस्थित रहेंगे।

जैन महिला मंडल का व्यापार मेला 8 से

रायपुर। समर्पण सखी जैन महिला मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस एवं नारी सशक्तिकरण के लिए 8 एवं 9 अक्टूबर को स्वाभिमान से स्वावलंबन तक व्यापार मेले का आयोजन खाटू श्याम मंदिर समता कॉलोनी में किया जा रहा है, जिसमें सभी समाज की महिलाएं जुड़कर आत्म निर्भरता की एक और दास्तान लिख सकती हैं। 8 और 9 अक्टूबर को सभी समाज के लोग व्यापार मेले का हिस्सा होंगे। जहां सभी वर्ग के यंगस्टार्स एवं बड़े-बुजुर्ग इसका आनंद उठा सकेंगे। इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए मंजू टाटिया, प्रियंका लुंकड़, डॉ. प्रणिता सेठिया एवं सरिता लुंकड़ से संपर्क कर सकते हैं।

सात मंजिला बनेगा आरडीए का 96 टिनामेंट अपार्टमेंट, एजेंसी तय, जल्द शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा टिकरापारा क्षेत्र में स्थित पुराने जर्जर 96 टिनामेंट अपार्टमेंट के भवन को तोड़कर सात मंजिला आधुनिक फ्लैट्स का निर्माण कराएगा। प्राधिकरण की यह पहली पुर्ननिर्माण योजना होगी, जिसमें जर्जर आवासीय परिसर को ढहाकर नए सिरे से आधुनिक व सर्व सुविधायुक्त 1 बीएचके और 2 बीएचके फ्लैट का निर्माण कराने एजेंसी तय कर ली गई है। योजना मे मुताबिक, पुराने 96 जर्जर क्वार्टर में रहने वाले मूल रहवासियों को नए परिसर में व्यवस्थापन के तहत सब्सिडी आधारित स्कीम में आवंटन कर नए फ्लैट प्राथमिकता से आवंटित किए जाएंगे। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, 1 बीएचके फ्लैट की वास्तविक लागत 18.81 लाख रुपए अनुमानित है, जो व्यवस्थापन प्रभावितों को 6.50 लाख में एक्जाई एलॉटी के तहत आवंटित होंगे, इसी तरह 2 बीएचके फ्लैट्स की वास्तविक लागत 24.25 लाख अनुमानित है, एक्जाई एलॉटी को यह 10.50 लाख रुपए में नियमानुसार आवंटित की जाएगी।

राजधानी के टिकरापारा स्थित सालों पुराने जर्जर 96 टिनामेंट अपार्टमेंट के दिन बहुरेंगे। रायपुर विकास प्राधिकरण इस जर्जर आवासीय परिसर को ध्वस्त कर सात मंजिला भव्य आवासीय परिसर का निर्माण कराने जा रहा है। पुराने 96 टिनामेंट में रह रहे मूल रहवासियों से सहमति के बाद उन्हें उसी स्थान पर पक्के आवास निर्धारित सब्सिडी स्कीम के तहत आवंटित किए जाने की योजना है। नए बहुमंजिला आवासीय परिसर में 1 बीएचके के 48 फ्लैट और 2 बीएचके के 96 फ्लैट का निर्माण होगा।

मूल रहवासियों को व्यवस्थापन के तहत उसी अपार्टमेंट फ्लैट आवंटन की योजना

बहुमंजिला मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट 24.60 करोड़ का प्रोजेक्ट

रायपुर विकास प्राधिकरण का यह री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट 24 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत का रहेगा। बहुमंजिला मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट में पार्किंग की सुविधा, लिफ्ट, पार्क के अलावा फायर फाइटिंग के इक्विपमेंट सहित सीसीटीवी कैमरे की सुविधा रहेगी। योजना का मुख्य उद्देश्य जर्जर व असुरक्षित हो चुके मकानों के स्थान पर रहवासियों को सुरक्षित और बेहतर इंफास्ट्रक्चर और आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास उपलब्ध कराना है।



1 बीएचके की वास्तविक लागत 18.61 लाख, एक्जाई एलॉटी को 6.50 लाख में फ्लैट, 2 बीएचके 24-25 लाख, प्रभावितों को 10.50 लाख में

एजेंसी फाइनल, जल्द शुरू होगा काम

96 टिनामेंट अपार्टमेंट वाली जगह खाली कराकर सात मंजिला नया आवासीय परिसर बनाने के लिए ऑनलाइन टेंडर कर प्राधिकरण एजेंसी फाइनल कर रहा है। ले-आउट संशोधन की प्रक्रिया में है, इसके बाद रेरा से पंजीयन होगा। बारिश के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

- अवनीश कुमार शरण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आरडीए

महाराष्ट्र-तमिलनाडु की तर्ज पर अंबिकापुर में बनेगा वन्यजीवों के लिए ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अंबिकापुर, संजय पार्क में घायल तथा बीमार वन्यजीवों की उपचार के लिए ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर (टीटीसी) बनाया जाएगा। इस संबंध में 5 अक्टूबर को स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक में अनुमोदन के लिए एजेंडा पेश किया जाएगा। अंबिकापुर में टीटीसी बनाए जाने का प्रमुख कारण वहां से घायल तथा बीमार वन्यजीवों को वर्तमान में उपचार के लिए बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी जू तथा जंगल सफारी लाया जाता है। लंबी दूरी की यात्रा से वन्यजीवों को तनाव से बचाने नया ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर बनाया जाएगा। इस तरह के ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर महाराष्ट्र के साथ तामिलनाडु में संचालित हो रहे हैं।

संजय पार्क में ट्रीटमेंट सेंटर बनाया जाएगा

संजय पार्क में वन्यजीवों के लिए ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर का प्रस्ताव गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के तत्कालीन मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं क्षेत्र संचालक ने 19 अगस्त 2026 को वन मुख्यालय के पास प्रस्ताव भेजा था। सरगुजा संभाग एवं इससे संबद्ध वनक्षेत्रों में मानव-वन्यजीव संघर्ष, सड़क, विद्युत दुर्घटना, बीमारी, चोट, अनाथ शावक तथा अन्य परिस्थितियों में घायल अथवा संकटग्रस्त वन्यजीवों के त्वरित रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, स्टेबलाइजेशन, क्वारंटाइन एवं अल्पकालिक देखभाल हेतु क्षेत्रीय स्तर पर ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

इस उद्देश्य से शुरू किया जा रहा टीटीसी

ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर का उद्देश्य रेस्क्यू वाइल्ड लाइफ का उपचार, अल्पकालिक देखभाल एवं स्वस्थ होने पर उपयुक्त प्राकृतिक रहवास में रिलीज अथवा आवश्यकतानुसार उच्च स्तरीय फेसलिटी में ट्रांसफर करना होगा। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में टीटीसी व्यवस्था को राज्य स्तर पर संस्थागत रूप दिया गया है। महाराष्ट्र वन विभाग द्वारा ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी की गई है, जिसमें टीआईसी हेतु आवेदन, सक्षम प्राधिकारी की अनुमति, मॉडल बिल्डिंग डिजाइन, उपकरण तथा रजिस्टर के प्रारूप निर्धारित हैं। तमिलनाडु में पेथीकुट्टई, कोयंबटूर में टीटीसी का प्रारंभ पिछले वर्ष 30 दिसंबर को किया गया है।

रेस्क्यू रिस्पांस टाइम कम करने में मिलेगी मदद

वर्तमान में सरगुजा क्षेत्र में ऐसे मानकीकृत, ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है। घायल वन्यजीवों को अपेक्षाकृत दूरस्थ उपचार केंद्रों तक ले जाने से परिवहन समय एवं जानवरों में तनाव बढ़ने की संभावना रहती है। इसलिए अंबिकापुर में ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर की स्थापना से रेस्क्यू रिस्पांस टाइम कम करने तथा वन्यजीवों को त्वरित चिकित्सा देखभाल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।



इस तरह की सुविधा विकसित की जाएगी

- वन्यप्राणी प्राप्ति एवं परीक्षण क्षेत्र (घायल या रेस्क्यू किए गए जानवरों को लाने और उनकी जांच का स्थान)।
- प्राथमिक पशु चिकित्सा उपचार एवं स्थिरीकरण सुविधा।
- क्वारंटाइन, आइसोलेशन एवं अल्पकालिक रखरखाव बाड़े।
- चारा, आहार एवं औषधि भंडारण गृह।

प्रस्तावित व्यवस्था अम्बिकापुर स्थित संजय पार्क में पूर्व से उपलब्ध भवन एवं वन्यजीव बाड़ों का आवश्यक मरम्मत, सुधार कर प्रथम चरण में टीटीसी प्रारंभ किया जा सकता है। इससे नवीन निर्माण पर प्रारंभिक व्यय कम होगा तथा उपलब्ध शासकीय परिसंपत्तियों का प्रभावी उपयोग संभव होगा।

सेवा सेतु शिविर का कांग्रेस ने किया बहिष्कार, पुराने आवेदनों के निराकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिरगांव स्थित आडवाणी स्कूल में भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा सेतु अभियान के जनसमस्या निवारण शिविर का जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने विरोध किया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में कांग्रेस महापौर नंदलाल देवांगन, कांग्रेस पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने शिविर का बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस की ओर से इस संबंध में नगर निगम बिरगांव को विधिवत पत्र भी सौंपा गया।

■ दोबारा आवेदन लेना केवल औपचारिकता

जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आरोप लगाया कि जनता अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद में सरकार के समक्ष आवेदन देती है, लेकिन पुराने आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, नए शिविर आयोजित करने से पहले सुशासन तिहार और पूर्व में लगाए गए शिविरों में प्राप्त लंबित आवेदनों का निराकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, बिरगांव में राशनकार्ड बनाने में जाति प्रमाणपत्र की अनिवार्यता, स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराने मीटर लगाए जाने और गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पट्टा वितरण जैसे मामले लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने कहा, जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर उनका समाधान कराना है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जब पुराने आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ है, तब नए नाम से दोबारा आवेदन लेना केवल औपचारिकता है।

ये रहे मौजूद : कार्यक्रम में महापौर नंदलाल देवांगन, एमआईसी सदस्य इकराम अहमद, संतोष साहू, रियाज खान, पार्षद डिकेंद्र सिन्हा, दिलदार कुमरे, डॉ. एसआर पात्रे, जानू भार्गव, मंडल अध्यक्ष ज्वाला गोस्वामी, प्रवेश पाण्डेय, लखन साहू, बाबा खान, मुकेश तिवारी, दीनू निषाद सहित कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद, महिलाएं और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस पार्षदों ने शिविर का किया बहिष्कार

महापौर नंदलाल देवांगन ने कहा, बिरगांव की जनता पहले जिन समस्याओं को लेकर आवेदन कर चुकी है, पहले उनका समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा, इसी मांग को लेकर महापौर सहित कांग्रेस पार्षदों ने शिविर का बहिष्कार किया। उसका विरोध जनसमस्या निवारण कार्यक्रम के खिलाफ नहीं, बल्कि लंबित समस्याओं का समाधान किए बिना नए आवेदन लेने की प्रक्रिया के खिलाफ है।

कांग्रेस का आरोप : पुराने उद्योग बंद, नए निवेश के दावे धरातल पर नहीं

भाजपा सरकार के आने के बाद 4288 उद्योग बंद हो चुके : सुशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने साय सरकार पर औद्योगिक निवेश को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के आने के बाद पुराने उद्योग बंद हो रहे हैं और नए निवेश के दावे धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि जून 2025 तक प्रदेश में पंजीकृत 18,940 उद्योगों में से 4,288 बंद हो चुके हैं, जिससे हजारों लोगों का रोजगार प्रभावित हुआ।

उन्होंने आरोप लगाया कि महंगी बिजली, खराब सड़क-बुनियादी ढांचा, महंगी रजिस्ट्री और कानून-व्यवस्था की स्थिति के कारण निवेशकों का भरोसा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2018 से 2023 के बीच कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 3,136 नए उद्योग स्थापित हुए, करीब 61 हजार लोगों को रोजगार मिला और लगभग 700 नए राइस मिल शुरू हुईं।

कितना वास्तविक निवेश, सार्वजनिक करें

कांग्रेस नेता ने सितंबर 2025 में 7 लाख करोड़, गुजरात से 33 हजार करोड़ और हैदराबाद इन्वेस्टर कनेक्ट में 9,580 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों का उल्लेख करते हुए सरकार से पूछा कि इनमें से कितने प्रस्ताव वास्तविक परियोजनाओं में बदले। उन्होंने बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में 967 करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्तावों की स्थिति पर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि सरकार को निवेश प्रस्तावों के साथ वास्तविक निवेश, शुरू हुई परियोजनाओं और रोजगार सृजन का ब्योरा सार्वजनिक करना चाहिए।

विधायक ने शासन को भेजा विकास कार्यों का प्रस्ताव

रायपुर। अभनपुर नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए विधायक इंद्रकुमार साहू के प्रयासों से विभिन्न विकास कार्यों के स्थल परिवर्तन एवं नए कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। इन प्रस्तावों के तहत नगर में कुल 135.89 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। प्रस्ताव के अनुसार 16.98 लाख रुपए के दो स्वीकृत कार्यों के स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें वार्ड क्रमांक 13 में सीसी रोड निर्माण के स्थान पर वार्ड क्रमांक 11 में एनएच-30 तिराहा के पास यात्री प्रतीक्षालय निर्माण प्रस्तावित है।

आम सूचना

मौजा ग्राम डूण्डा, अशोका पाम मिडोस, फेस - 01, प्लाट नं-10, प.ह. नं. - 72, रा.नि. मं- रायपुर - 1, तहसील व जिला रायपुर छ0ग0 के संबंध में ।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नीरू सोनकर पति- राजेश सोनकर निवासी - हनुमान नगर बोरिया रोड़, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता शीतिका श्रीवास्तव पति सौरभ श्रीवास्तव पता - ई- 18, सुमिता सिटी ऑफ ड्रीम्स, विधानसभा रोड, कचना, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके आधिपत्य एवं स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जो कि मौजा ग्राम डूण्डा, अशोका पाम मिडोस, फेस - 01, प्लाट नं- 10, प.ह.नं. - 72, रा. नि. मं - रायपुर - 1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. - 420/18, रकबा - 0.0139 हे. अर्थात 1500 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है। केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नही होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 03/10/2026

भवदीय
पवन कुमार पंसारी (अधिवक्ता)
पता - सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)
मो. 9826465429, 8319600830

आम सूचना

सर्वसाधारण एवं आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा परिवर्तित भूमि (नवनिर्मित मकान) रायपुर सत्यम विहार कॉलोनी प0 ह0 नं0 57 रा0 नि0 मं0 रायपुर - रायपुर तह / जिला - रायपुर (छ०ग०) में स्थित जिसका खसरा नं0 654/77 रकबा - 0.0116 हेक्टेयर = 1250 वर्गफुट (मकान) विक्रेता -

1. बालकृष्ण लावाबुरे आत्म० श्री शिवाजी लावाबुरे निवासी - न्यू चंगोराभाठा श्री राम नगर अमन पब्लिक स्कूल के पास रायपुर तह / जिला - रायपुर (छ०ग०)
2. रमेश कुमार वर्मा आत्म० श्री लखन लाल वर्मा जाति-कुर्मी निवासी - तिलक नगर, साँई मन्दिर वार्ड-3 के पास पहाड़ीपारा रायपुर तह/जिला-रायपुर (छ०ग०)

ये दोनों संयुक्त विक्रेता के नाम एवं आधिपत्य कि संपत्ति को स्वयं की हम दोनों को रकम की आवश्कता के कारण क्रय करने हेतु पक्का सौदा मेरे पक्षकार नरेश देवांगन आत्म० स्व० रमेश देवांगन के निवासी अश्वनी नगर रायपुर के पास पक्का सौदे का रकम ले चुके है उक्त सौदा शुदा भूमि और नवनिर्मित मकान रायपुर के उक्त भूमि से सम्बंधित जिस किसी आम एवं खास संस्था शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय, अन्य बैंक एवं निकाय, बंधक, लोन जो भी आपत्ति हो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर लिखित दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय समय में देवे अन्यथा नोटिस की अवधि समाप्त होने पर कि गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। मेरे पक्षकार के द्वारा पंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन कर लेगा।

सो सूचना जाने ।

दिनेश कुमार देवांगन, अधिवक्ता
लक्ष्मी नारायण देवांगन, अधिवक्ता
मो.- 98271-86749
मो.- 98271-64886

// आम सूचना //

वाके मौजा ग्राम गनौद प.ह.न 00027, रा.नि.म. पलौद तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग. में स्तिथ खसरा न.- 1385 कुल रकबा 0.2900 है. के क्रय विक्रय के सम्बन्ध में।

एतद दारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकारगण (1) श्री धीरज गोकलानी पिता श्री हरेश गोकलानी निवासी- डी-225, सेक्टर-5 विनायक किराना स्टोर्स के पास देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. (2) श्री मनोहर लाल आहूजा पिता स्व. श्री आनंद राम आहूजा निवासी मकान न.- बी/34 बनखंडी मैं रोड शैलेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. ने विक्रेता (1) शोभित पिता सुकालू (2) राजकुमार पिता सुकालू (3) जानकी पिता सुकालू (4) उमा बाई पति सुकालू चारो निवासी गनौद के स्वामित्व की कृषि भूमि जिसका खसरा न. 1385 कुल रकबा 0.2900 हे. मेरे पक्षकारगण द्वारा क्रय किया जाना है, जो कि मौजा ग्राम गनौद प.ह.न. 00027 रा.नि.म. पलौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. में स्तिथ है तथा बैनामा पंजीयन कार्य शेष है। उक्त विक्रेय किये जाने सम्बंधित किसी व्यक्ति संस्थान/ फर्म/ सोसाइटी/ शासकीय/ अर्धशासकीय अथवा किसी पारिवारिक सदस्य को किसी भी प्रकार की हक, दावा आपत्ति हो तो मेरे अधोलिखित पते पर 07 दिवस के भीतर मेरे लिखे पते पर मय हस्ताक्षरित अपना हक दावा आपत्ति आदि प्रस्तुत करे उक्त अवधि समाप्ति के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं होगा तथा विधिनुसार शुन्यकरणी मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकारगण के पक्ष में बैनामा पंजीयन कर निष्पादन करा लिया जावेगा। अतः सो सूचना जाने ।

स्थानः रायपुर छ.ग.
दिनांक 01.10.2026

भवदीय
अमन वर्मा (अधिवक्ता)
पार्क एवेन्यू आमानाका,
रायपुर (छ.ग.) मो.नं- 8889881812

:: उद्घोषणा ::

क्रमांक / रा.शा./ इन्द्रप्रस्थ / वि.प्रा./ 2026
रायपुर, दिनांक .....

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-2 रायपुरा योजना के अन्तर्गत श्री सतीश छुगानी पिता स्व. कन्हैयालाल छुगानी को भूखंड क्रमांक सी-107 रकबा 276.24 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखंड क्रमांक सी-107 रकबा 276.24 वर्गमीटर को दिनांक 07.09.2026 को श्रीमती रेखा भोई पति श्री अभय कुमार भोई को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की पंजीकृत फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण में नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्रीमती रेखा भोई पति श्री अभय कुमार भोई के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नही होगा।

दिनांक ..... को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर छ.ग.

महादेवघाट क्षेत्र में निर्माण कार्य से श्रद्धालुओं की सुविधा प्रभावित होने का अंदेशा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छठ महापर्व की तैयारियों के मद्देनजर छठ महापर्व पूजा आयोजन समिति के सदस्यों ने शनिवार को महादेवघाट का निरीक्षण किया।

समिति ने पाया कि क्षेत्र में नए पुल सहित मिट्टी की खुदाई, भराई और अन्य निर्माण कार्य चल रहे हैं। इससे कई स्थानों पर गड्ढे और ऊबड़-खाबड़ जमीन है। समिति ने आशंका जताई कि निर्माण कार्य जारी रहने पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को आवागमन व पूजा-अर्चना में परेशानी हो सकती है। आयोजक प्रमुख राजेश सिंह ने कहा कि समिति विकास कार्यों का विरोध नहीं करती, लेकिन श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए छठ पर्व के दौरान निर्माण कार्य अस्थायी रूप से रोकने पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच, पंडाल और भंडारे के लिए वैकल्पिक स्थान भी चिन्हित किए जा रहे हैं। समिति ने निर्माण कार्यों और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। निरीक्षण के दौरान कन्हैया सिंह, बृजेश सिंह, जयंत सिंह, रामकुमार सिंह, वेद नारायण सिंह, शेखर बांका, सत्येंद्र गौतम, सुनील कुमार सिंह और मनोज सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

■ छठ महापर्व आयोजन समिति सौंपेगी प्रशासन को ज्ञापन



खबर संक्षेप



आईआईटी और कीप्स मिलकर करेंगे शोधकार्य

रायपुर। आईआईटी भिलाई के बायोसाइंस एवं बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग तथा शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कमला इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज (कीप्स) के मध्य शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य फार्मास्युटिकल साइंसेज, बायोसाइंस एवं बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के बीच अंतर्विषयन सहयोग को बढ़ावा देना तथा शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के नए अवसर विकसित करना है। कीप्स के डायरेक्टर डॉ. देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि यह समझौता दोनों संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान क्षमता और नवाचार को सुदृढ़ करने की महत्वपूर्ण पहल है। इससे क्षेत्र में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के विकास को भी नई गति मिलने की संभाव अवसर पर डॉ. स्वर्णली दास पॉल, डॉ. वैभव तिवारी, डॉ. गुंजन जैसवानी, डॉ. राजेश चौधरी आदि उपस्थित थे।

सहयोग केंद्र में कल से मंत्री फिर सुनेंगे समस्याएं

रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक बार फिर से प्रदेश के मंत्री सहयोग केंद्र में सोमवार से प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। भाजपा कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज के मुताबिक, सोमवार को पहले दिन गुरु खुशवंत साहेब कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। मंगलवार को श्याम बिहारी जायसवाल, गुरुवार को राजेश अग्रवाल और शुक्रवार को टंकराम वर्मा कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे।

हर विधानसभा में 7 को निकलेगी सेवा ज्योति यात्रा, राजधानी में बड़े आयोजन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में 25 साल पूरे होने के अवसर पर भाजपा देशभर में एक माह का सेवा संकल्प अभियान चला रही है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में 7 अक्टूबर को 25 साल पूरे होने को लेकर इस दिन प्रदेश में हर विधानसभा में विशाल सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, विधायक और सांसद अपने-अपने क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी दिन हर ब्लॉक में एक बड़ी रंगोली बनाई जाएगी। इसमें केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। राजधानी रायपुर में चार विधानसभाएं होने के कारण यहां पर बड़ा कार्यक्रम होगा।

सेवा संकल्प अभियान एक माह तक चलेगा। 17 अक्टूबर तक प्रदेशभर में कई छोटे बड़े कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी कड़ी में सेवा ज्योति यात्रा को लेकर प्रदेश संगठन अब तैयारी में जुट गया है। प्रदेश भाजपा के महामंत्री यशवंत जैन ने बताया, इस आयोजन के लिए विधायक भावना बोहरा को प्रदेश का संयोजक बनाया गया है। इसी के साथ टीम में शीतल नायक, हर्षिता पांडेय और सत्यलता मिरी को रखा गया है। हर जिले में एक संयोजक और हर ब्लॉक में रंगोली के लिए एक प्रभारी बनाया गया है।



रंगोली में योजनाएं

7 अक्टूबर को प्रदेश के हर ब्लॉक में एक बड़ी रंगोली बनाने की योजना है। इस रंगोली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकाल में केंद्र सरकार की योजनाओं को दर्शाया जाएगा। रंगोली में विकास की योजनाओं को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

रायपुर के कार्यक्रम में रहेंगे सीएम साय

सेवा ज्योति यात्रा के लिए अभी तय किया गया है कि यह यात्रा हर विधानसभा में निकलेगी। इसके लिए विधानसभा का बड़ा शहर तय किया जाएगा। इस यात्रा में जहां उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे, वहीं आम जनता को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इस यात्रा के बाद विकसित भारत का सभी संकल्प लेंगे। सेवा ज्योति यात्रा में जहां भाजपा के कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि, आम जनता के साथ मशाल लेकर पदयात्रा करेंगे, वहीं बाइक रैली के रूप में भी यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शहर का भ्रमण करते हुए एक स्थान पर एकत्रित होगी और वहां पर एक कार्यक्रम होगा। राजधानी रायपुर में भी इस दिन एक बड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी है। रायपुर में चार विधानसभाएं हैं। ऐसे में यहां पर बड़ा आयोजन होगा। संभावना है कि इस आयोजन में जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहेंगे, वहीं भाजपा का कोई राष्ट्रीय नेता भी आ सकता है।

डॉक्टरों के मानदेय में बढ़ोतरी का एआई से तैयार फर्जी आदेश हुआ वायरल

चिकित्सा शिक्षा विभाग का तर्क- शासकीय आदेश नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सरकारी अस्पतालों में कार्यरत जूनियर रेसीडेंट और डेमोस्ट्रेटर के मानदेय में बढ़ोतरी का आदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसे लेकर भ्रम की स्थिति बनते देख चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह शासकीय आदेश नहीं, एआई के माध्यम से तैयार किया गया फर्जी आदेश है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित इस कथित दस्तावेज में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत जूनियर रेजिडेंट, प्रदर्शक तथा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पदस्थ चिकित्सा अधिकारियों को प्रतिमाह 73,152 रुपए देने और संशोधित राशि 1 नवंबर से प्रभावशील होने का दावा किया गया था। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस दस्तावेज को फर्जी बताते हुए स्पष्ट किया है कि इसे विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के रूप में स्वीकार नहीं किया जाए। इस भ्रामक दस्तावेज पर विश्वास न करें और इसे प्रामाणिक आदेश बताकर आगे प्रसारित न करें। किसी भी आदेश अथवा निर्णय की पुष्टि विभाग के अधिकृत माध्यमों से प्राप्त जानकारी के आधार पर ही करें। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों पीजी डाक्टरों और एमबीबीएस इंटर्न डाक्टरों की शिष्यवृति बढ़ाने का आदेश जारी किया था। उसे आदेश को देखते हुए भ्रम फैलाने के लिए कतिपय लोगों ने कुटिलतापूर्वक यह आदेश तैयार कर इसे सोशल मीडिया में वायरल किया था।

पॉवर कंपनियों में ओपीएस की मांग, आज होगी सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पॉवर कंपनियों में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने की मांग को लेकर 12 संगठनों ने संयुक्त मोर्चा बनाया है। अभियंता संघ ने बताया कि ओपीएस लागू कराना संघ की प्रमुख मांगों में शामिल है और इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग रखी जा चुकी है। संघ के महासचिव मनोज वर्मा ने अनुसार, 8 अगस्त को 12 संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ओपीएस लागू करने का आग्रह किया था। इसके बाद 5 सितंबर को कोरबा पश्चिम में संयुक्त मोर्चे की बैठक में आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। 11 सितंबर को प्रदेश के सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों में सभा आयोजित कर अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पहले ही रखी जा चुकी है मांग

आंदोलन जारी रखने का संकल्प

संयुक्त मोर्चा ने अब 5 अक्टूबर को शाम 4 बजे डगनिया स्थित हनुमान मंदिर, मेन गेट पर विशाल सभा आयोजित करने का निर्णय लिया है। अभियंता संघ ने सभी सीईसी सदस्यों, अभियंताओं और कर्मचारियों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। संगठन का कहना है कि पॉवर कंपनियों के कर्मचारियों और अभियंताओं के लिए ओपीएस लागू होने तक मांग को लेकर आंदोलन जारी रखा जाएगा।

बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बस्तर क्षेत्र में पिछले दिनों हुई भारी बारिश से प्रभावित इलाकों और बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत 6 अक्टूबर की शाम रायपुर पहुंचेंगे। यहां रात्रि विश्राम के बाद 7 अक्टूबर को बस्तर के दौरे पर जाएंगे। वे 8 अक्टूबर को बस्तर दौरे लौटेंगे। इस दौरान वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे और बारिश से हुए नुकसान की जानकारी लेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के दौरे को प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की स्थिति जानने और कांग्रेस संगठन के स्तर पर राहत एवं पुनर्वास से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान वे स्थानीय कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक कर क्षेत्र की स्थिति की जानकारी लेंगे। बस्तर में हालिया बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ और जलभराव की स्थिति बनी थी। बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों तक पहुंचाया गया था। कांग्रेस प्रभारी प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और नुकसान की जानकारी लेंगे।

सड़क, मकान और फसलों को नुकसान

श्री भगत के दौरे के दौरान सड़क, आवास, कृषि, फसल, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को हुए नुकसान का जायजा लिए जाने की संभावना है। कांग्रेस संगठन की ओर से प्रभावित लोगों को राहत दिलाने तथा सरकार से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुद्दे उठाए जाएंगे।

मित्तल हॉस्पिटल
त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा द्वारा
आयुष्मान योजना के अंतर्गत
नि:शुल्क डायलिसिस
Dr Abhishek Tiwari
DrNB (Nephrology)
पूर्णकालिक सेवा उपलब्ध
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
होली क्रास स्कूल के सामने, अवंति बाई चौक, पंडरी, रायपुर
फोन: 93430 79151, 91313 99570
Deepak Ad./119/1



नंदराज पर्वत पर खनन और पेड़ कटाई को लेकर कांग्रेस का विरोध

आदिवासी भावनाओं और अधिकारों की अनदेखी : बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बैलाडीला के नंदराज पर्वत क्षेत्र में खनन और पेड़ कटाई की अनुमति को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। नंदराज पर्वत आदिवासी समाज की आस्था, संस्कृति और पहचान का केंद्र है। ऐसे क्षेत्र में खनन गतिविधियों को बढ़ावा देना आदिवासी भावनाओं और अधिकारों की अनदेखी है। श्री बैज ने दावा किया कि डिपॉजिट-13 के लिए करीब 7,200 पेड़ों की कटाई की अनुमति दिए जाने के साथ खनन के लिए निविदा और लौह अयस्क के नमूने निकाले जाने की जानकारी सामने आई है।



पेड़ कटाई और खनन रोका जाए

वर्ष 2019 में भी ग्रामसभा की कथित सहमति और दस्तावेजों की प्रामाणिकता को लेकर विवाद हुआ था और तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जांच के निर्देश देकर उत्खनन पर रोक लगाई थी। श्री बैज ने मांग की कि ग्रामसभा की वैधता और सहमति की स्वतंत्र जांच होने तक नंदराज पर्वत पर पेड़ कटाई और खनन संबंधी गतिविधियां रोकी जाएं। बस्तर में आदिवासी समाज के जल-जंगल-जमीन और धार्मिक आस्था का सम्मान भी सुनिश्चित होना चाहिए।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्ष्मी ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

छत्तीसगढ़ी भाषा में निबंध स्पर्धा,12 तक आवेदन

रायपुर। वक्ता मंच एवं छत्तीसगढ़ी समाज द्वारा संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रदेश स्तरीय निबंध लेखन स्पर्धा का आयोजन किया गया है। इसमें प्रदेश के छात्र व नागरिक भाग ले सकते हैं। निबंध अधिकतम 1000 शब्दों में लिखना होगा। छत्तीसगढ़ी समाज के अध्यक्ष डॉ. सत्यजीत साहू तथा वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने बताया कि यह स्पर्धा तीन स्तरों पर आयोजित की जा रही है। हाईस्कूल स्तर पर निबंध का विषय मोर छत्तीसगढ़ महतारी रखा गया है, महाविद्यालयीन स्तर पर निबंध का विषय अमीर भुईयां के गरीब मनखे मन के विकास अउ उत्थान बर जरूरी उपाय रखा गया है और ओपन स्तर पर निबंध का विषय छत्तीसगढ़ के वनवासी मन के जीवन जिये के ढंग अउ ओकर ऊपर मंडरावत संकट रखा गया है, ओपन स्तर की स्पर्धा में कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। इच्छुक प्रतियोगी 12 अक्टूबर तक अपना निबंध 9827928850 पर वाट्स एप कर सकते हैं। इसका अलावा vakta1661 manch@gmail.com पर मेल भी कर सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
आवश्यकता है
हरिभूमि समाचार पत्र को मात्र 4 घंटे (पार्ट टाईम) सर्वे कार्य हेतु 20 युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 + इंसेन्टिव
Resume Whatsapp करें 9827555678
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर